卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 124 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बुधवार ♦8 फरवरी 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## आरबीआई ने फिर बढ़ाया रेपो रेट, महंगी होगी ईएमआई

नई दिल्ली(उद संवाददाता)। आरबीआई ने रेपो रेट में 0.25 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर दी है। रेपो रेट में लगातार छठी बार केंद्रीय बैंक ने इजाफा किया है। रेपो रेट को 6.25प्रतिशत से बढ़ाकर 6.50 प्रतिशत कर दिया है।केंद्रीय बैंक के इस फैसले से होम लोन के ईएमआई में बढ़ोतरी हो जाएगी। रेपो रेट में बढ़ोतरी के बाद होम लोन के ईएमआई साथ-साथ कार लोन और पर्सनल लोन भी महंगा होगा। इससे पहले तीन दिनों तक आरबीआई की एमपीसी की अहम बैठक चली। इसके बाद बैठक की जानकारी और इस दौरान लिए गए फैसलों के लिए शक्तिकांत दास मीडिया से रूबरू हुए और नई मौद्रिक नीति का ऐलान किया। केंद्रीय बैंक के गवर्नर ने




कहा कि बीते तीन वर्षो के दौरान वैश्विक परिस्थितियों के कारण दुनिया भर के बैंकों को ब्याज दरों में बढ़ोतरी का फैसला लेना पड़ा है। महंगाई पर नियंत्रण के लिए ये कठिन फैसले जरूरी थे।आरबीआई गवर्नर ने कहा कि वैश्विक आर्थिक परिदृश्य अब उतना गंभीर नहीं दिख रहा है जितना कुछ महीने पहले था, प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में विकास की संभावनाओं में सुधार हुआ है, जबकि मुद्रा स्फीति में गिरावट आई है। हालांकि मुद्रा स्फीति अभी भी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में लक्ष्य से ऊपर बनी हुई है। आरबीआई गवर्नर ने कहा है कि वित्तीय वर्ष की चौथी तिमाही में महंगाई दर 5.6 प्रतिशत रह सकती है। आरबीआई गवर्नर ने एफवाई 24 की पहली तिमाही में (शेष पृष्ठ सात पर)

## खरगे के बयान पर राज्यसभा में भाजपा सांसदों का हंगामा

नई दिल्ली(उद संवाददाता)। राज्यसभा में बजट सत्र की कार्यवाही के दौरान बुधवार को जमकर हंगामा हुआ। गौतम अडाणी के मुद्दे पर कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्र सरकार को घेरा। उधर, खरगे के बयान पर बीजेपी सांसदों ने हंगामा भी किया।



खरगे ने कहा कि एक व्यक्ति जिसकी संपत्ति ढाई साल में 13 गुना बढ़ गई। 2014 में 50,000 करोड़ की थी, वह 2019 में एक लाख करोड़ की हो गई। अचानक ऐसा क्या जादू हुआ कि संपत्ति 12 लाख करोड़ बढ़ गई। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट को भी बीजेपी नहीं मान रही है। इसकी जांच जेपीसी से कराई जानी चाहिए। खरगे के आरोपों पर बीजेपी ने पलटवार भी किया। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा, वे विदेश रिपोर्टों (हिंडनबर्ग रिपोर्ट) पर बातें कर रहे हैं, यह तो कांग्रेस का तारीका है। मैं स्पष्ट कहता हूं कि इनके खुद के नेता जिनके कहने के बगैर ये कुछ नहीं करते हैं, उनकी संपत्ति ही देखें कि 2014 में इनके नेता की कितनी संपत्ति थी और आज कितनी है।खरगे ने कहा कि कई सासंद-मंत्री सिर्फ हिंदू-मुस्लिम करते हैं, क्या बात करने के लिए कोई और मुद्दा नहीं है। दूसरी तरफ कोई अनुसूचित जाति के लोग मंदिर जाते हैं तो उन्हें मारते हैं, उनकी सुनवाई नहीं होती है। (शेष पृष्ठ 7 पर)

## आईटीबीपी के जवान ने खुद को मारी गोली,गंभीर

देहरादून(उद संवाददाता)। सीमाद्वार में आईटीबीपी के जवान ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या का प्रयास किया। जवान ने सर्विस इंसास राइफल से गोली चलाई। जवान को गंभीर हालत में अस्पताल भर्ती कराया गया है। बुधवार को हेड कांस्टेबल सिद्धिराम गौड़ ने संदिग्ध हालातों में खुद को गोली मारकर आत्महत्या का प्रयास किया। इससे मौके पर हड़कम्प मच गया। गोली की आवाज सुनकर घायल आईटी बीपी जवान के साथियों ने जवान को अस्पताल में भर्ती (शेष पृष्ठ 7पर)

## लाखों की स्मैक के साथ कबाड़ी गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में पुलिस को एक बार फिर बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने 105 ग्राम स्मैक साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया। जिसके पास से एक इलैक्ट्रानिक तराजू भी बरामद हुआ है। एसएसपी पंकज भट्ट ने खुलासा करते हुए बताया कि पुलिस कैनाल रोड जीएसटी भवन के पास वाहन चौक कर रही थी। इस दौरान एक व्यक्ति हाइडिल पनचक्की की ओर से कैनाल रोड की तरफ पैदल आ रहा था। जिसके पीठ पर एक बैग टंगा था। पुलिस को देख वह रूक गया और फुटपाथ से नीचे उतरने लगा। पुलिस ने जब उसे आवाज लगाई तो वह तेजी से आगे भागने लगा।




पुलिस को उसपर शक हुआ। जिसके बाद पुलिसकर्मियों ने उसे पकड़ लिया। पुलिस ने जब उसका बैग चैक किया तो उसमें से करीब 105 ग्राम स्मैक निकली। सख्ती से पूछताछ करने पर उसने बताया कि उसका नाम सग्गन पुत्र कमसर निवासी ग्रमा ओझा बदांयु यूपी है। वह काफी समय से हल्द्वानी में रहकर कबाड़ का काम करता है। पुलिस पूछताछ में उसने बताया कि वह अपने ही गांव के रहने वाले फुकरान पुत्र इकबाल निवासी (शेष पृष्ठ सात पर)

## पुलिस ने बरामद किये 10 जिंदा कछुए,तस्कर फरार

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। दिनेशपुर थान पुलिस ने दस जिंदा कछुए बरामद किये हैं। इस दौरान तस्कर मौके से फरार हो गया। पुलिस उनकी तलाश कर रही है। वन्य जन्तुओं की तस्करी की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना दिनेशपुर पुलिस ने मुखविर की सूचना पर प्रकाश मण्डल पुत्र पुलिन मण्डल निवासी बसन्तीपुर, थाना दिनेशपुर को पकड़ने का प्रयास किया तो वह मौके से 10 प्रतिबन्धित जिन्दा कछुए छोड़कर फरार हो गया। फरार तस्कर के खिलाफ धारा 9/50/51 वन्य जीव जन्तु संरक्षण अधिनियम में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है। कछुए बरामद करने वाली टीम में थाना प्रभारी अनिल उपाध्याय उपनिरीक्षक दीवान सिंह बिष्ट, कांस्टेबल प्रमोद कुमार, कुलदीप शाह, श्याम सुन्दर बिष्ट आदि शामिल थे।



## गांजे के साथ तस्कर पकड़ा

काशीपुर(उद संवाददाता)। नशे के खिलाफ चलाए अभियान के क्रम में कुंडा पुलिस ने मुखबिर की सटीक सूचना पर कुंडा चौराहे की करीब स्थित यात्री प्रतीक्षालय के पास से संदिग्ध हालत में चहलकदमी करते एक शख्स को दबोच कर तलाशी में उसके कब्जे से एक किलो 100 ग्राम गांजा बरामद किया है। पकड़े गए नशे के सौदागर से जरूरी पूछताछ के बाद उसका एनडीपीएस एक्ट के तहत चालान कर दिया गया। कार्यवाही के बारे में पता चला है कि कुंडा पुलिस क्षेत्र में अपराधियों तथा नशा सामग्री बेचने वालों की टोह ले रही थी इसी दौरान मुखबिर की सटीक सूचना पर कुंडा चौराहे से कुछ दूरी पर (शेष पृष्ठ सात पर)




## राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीत कर लौटी टीम का जोरदार स्वागत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विश्व हिंदू परिषद की ईकाई एकल अभियान की लखनऊ में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की खेल कूद प्रतियोगिताओं में उत्तराखंड की टीम ने कई पदक हासिल कर राज्य का नाम रौशन किया है। बुध वार को पदक जीतने वाली टीम के खिलाड़ियों का होटल आर्क में जोरदार स्वागत किया गया। इस प्रतियोगिता में उत्तराखंड की टीम ने तीन रजत पदक व दो कांस्य पदक जीते हैं। गत 5,6 एवं 7 फरवरी को लखनऊ में एकल अभियान अभ्युदय यूथ क्लब द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिता में उत्तराखंड के खिलाड़ियों ने शानदार खेल प्रदर्शन किया। रजत पदक जीतने वाले खिलाड़ियों में अमर ने 100 मीटर दौड़ में व लंबी कूद में तथा दिव्यांशु ने लंबी कूद पदक जीता वहीं दिव्यांशु ने 100 मीटर दौड़ व 400 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीता। इसके अतिरिक्त कबड्डी की टीम फाइनल में पहुंच उपविजेता रही। इस मौके पर टीम के खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए डिसेबल्ड स्पोर्टिंग सोसायटी के प्रदेश अध्यक्ष भारत भूषण चुघ ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को खेलों के प्रति जागरूक करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संपूर्ण देश में चलाए जा रहे अभियान को आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा प्रतिभावान सभी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रदेश सरकार भी निरंतर का कार्य कर रही है। श्री चुघ ने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद खिलाड़ियों का बेहतर प्रदर्शन करना सबके लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा ऐसे खिलाड़ियों को अधिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए वह स्वयं (शेष पृष्ठ सात पर)



'घले आवे नानका सद्दे उठ जाये'

**अंतिम अरदास/रस्म पगड़ी**



अत्यन्त दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूजनीय पिता जी **श्री दर्शन लाल मिड्ढा जी** का स्वर्गवास दिनाँक 07.02.2023 को हो गया है। जिनकी आत्मिक शान्ति के लिए **अन्तिम अरदास ( रस्म पगड़ी ) 09.02.2023 दिन गुरुवार** को दोपहर 2 बजे से 3 बजे तक,**श्री लक्ष्मी नारायण पांच मन्दिर , रुद्रपुर** में सम्पन्न होगी।

**-: शोकाकुल परिवार:-**

सुषमा सिंधवानी-पवन सिधवानी (पुत्री-दामाद)
गीता भल्ला-विजय भल्ला (पुत्री-दामाद)
आशीष मिड्ढा,चिराग मिड्ढा, अक्षित मिड्ढा,
हिमांशु मिड्ढा, प्रतीक मिड्ढा (पौत्र)
समस्त मिड्ढा परिवार
मो. 7017365265, 9897470900
08477035830

स्व. विजय कुमार मिड्ढा-
सरोज रानी मिड्ढा (पुत्र-पुत्रवधु)
अनिल कुमार मिड्ढा-
अनिता मिड्ढा(पुत्र-पुत्रवधु)
नरेश कुमार मिड्ढा-आरती मिड्ढा(पुत्र-पुत्रवधु)
सुरेश मिड्ढा-नीरू मिड्ढा(पुत्र-पुत्रवधु)
सतीश कुमार मिड्ढा-रजनी मिड्ढा(पुत्र-पुत्रवधु)

**आग्रह:- कृपया इसे ही व्यक्तिगत बुलावे की मान्यता प्रदान करें।**

## समाजसेवी केवल आनंद का निधन

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। शहर के समाजसेवी एवं शहर की मुख्य रामलीला में दशकों से सेवाएं दे रहे केवल आनन्द (केवल पेंटर) का आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी। शांति विहार कालोनी निवसी समाजसेवी केवल आनन्द पिछले कुछ समय से अस्वस्थ थे। बीती रात उनका आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी। बडी संख्या में राजनैतिक सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं से जुड़े लोगों ने उनके निवास पर पहुंचकर शोक संवेदना प्रकट की और परिवार को ढांढस बंधाया। दोपहर को किच्छा रोड मोक्षधाम में गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान सैकड़ों लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। दिवंगत केवल आनंद दशकों से शहर की मुख्य रामलीला में अपनी सेवायें दे रहे थे। सामाजिक और धार्मिक कार्यों में भी वह हमेशा अग्रणी रहते थे।



## कार बेचने के बहाने ग्रामीण से ठग लिए 49 हजार रुपये

सितारगंज(उद संवाददाता)। सोशल मीडिया पर कार दिखाकर एक ठग ने ग्रामीण से 49 हजार रुपये ठग लिये। ग्रामीण की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी ठग के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम बमनपुरी निवासी विरेंद्र सिंह बोहरा ने थाने में सौंपी तहरीर में बताया कि सोशल मीडिया में एक कार बिक्री के लिए दिखाई गई थी। उसकी कीमत अस्सी हजार बताई । उसने विक्रेता गजला स्टेशन राइवल देहरादून निवासी गोपाल कृष्णा शिखर से बात की तो उसने खुद को सेना में कार्यरत होना बताया। कहा कि उड़ीसा पोस्टिंग होने के कारण वह कार बेच रहा है। इस पर उन्होंने शिखर को एडवांस में पांच हजार रुपये भेज दिए। बाकी रकम कार डिलीवरी पर देना तय हुआ । इस बीच विक्रेता ने बातों में फंसाकर उनसे 44,000 रुपये ऑनलाइन पीयूष के नाम पर ले लिए। 30 जनवरी को कार की डिलीवरी देनी थी लेकिन डिलीवरी नहीं दी। आरोप है कि (शेष पृष्ठ सात पर)

# चारधाम यात्रा के लिये 20 फरवरी से होगा पंजीकरण

## ऑनलाइन-ऑफलाइन दोनों की होगी व्यवस्था ,श्रद्धालुओं के लिए टोकन व्यवस्था लागू होगी

ऋषिकेश(उद संवाददाता)। उत्तराखंड में चारधाम यात्रा की तैयारियां शुरू हो चुकी है। मंगलवार को गढ़वाल आयुक्त सुशील कुमार ने ऋषिकेश में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ चारधाम यात्रा सीजन की पहली बैठक की। बैठक के दौरान पूर्व में यात्रा के दौरान आई समस्याओं और उनके निराकरण के साथ व्यवस्था तैयार करने पर चर्चा की गई। इस दौरान तय किया गया कि यात्रा के लिए पंजीकरण 20 फरवरी से शुरू होंगे। पंजीकरण के लिए ऑनलाइन के साथ ऑफलाइन व्यवस्था भी होगी। कहा गया कि इसके लिए अन्य राज्यों में पत्र व्यवहार कर वहां यात्रा से संबंधित जानकारी दी जाए। इस बार ऑनलाइन पंजीकरण के साथ ऑफलाइन पंजीकरण की व्यवस्था होगी। पीपलकोटी, हेलंग, पांडुकेशर और गोविंद घाट यात्रा पड़ाव पर सुविधाएं बढ़ाई जाएं।साथ ही यह भी तय हुआ कि परिवहन और पर्यटन विभाग के एक ही एप से पंजीकरण करवाया जाएगा। गत वर्ष दो एप से पंजीकरण होने के चलते यात्रियों को काफी परेशानी उठानी पड़ी थी। गढ़वाल आयुक्त ने कहा कि चारधाम यात्रा के दौरान बदरीनाथ और केदारनाथ मंदिर में बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) की ओर से जो व्यवस्था की जाती है, वह यात्रा के दौरान नजर नहीं आती। किसी यात्री को आधे घंटे तक दर्शन कराए जाते हैं तो किसी को चार मिनट का भी समय नहीं मिल पाता। उन्होंने मंदिर समिति को एसओपी बनाने के निर्देश दिए। यात्रा में पंजीकरण के लिए पर्यटन और परिवहन विभाग के दो अलग-अलग एप की जगह एक ही एप का प्रयोग किया जाए। ऋषिकेश में एनएच 58 और श्यामपुर पुलिस चौकी से नटराज चौक लेफ्ट टर्न में जो बिजली के पोल बाधक बन रहे हैं, उन्हें तुरंत हटाया जाए। यात्रा के दौरान भूस्खलन वाले स्थानों पर दोनों तरफ जेसीबी तैनात की जाएं। वहां संबंधित जेई, एई और थाना प्रभारी का मोबाइल नंबर लिखा जाए। बैठक में अलग-अलग जिलों के जिलाधिकारी और एसएसपी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी शामिल हुए। चारधाम यात्रा में रोटेशन के अधीन 1600 बसें चलेंगी। 1100 बसें उपलब्ध है। इस बार कोई भी कंपनी रोटेशन से बाहर नहीं हो सकेगी। आरटीओ ने गढ़वाल आयुक्त से संबंधित परिवहन कंपनियों को निर्देश देने को कहा है। नगर निगम सभागार में आयोजित बैठक में आरटीओ प्रशासन सुनील कुमार ने कहा कि हमें 1600 बसों की जरूरत है। जबकि हमारे पास रोटेशन के 1100 बसें उपलब्ध है। केएमओयू की 50 बसें मंगाई जाएगी। जबकि 50 बसें रोडवेज की ओर से उपलब्ध कराई जाएगी। कोई भी ट्रांसपोर्ट कंपनी रोटेशन से बाहर नहीं होगी। पिछले साल यातायात एवं पर्यटन विकास सहकारी संघ लि. और दून वैली रोटेशन से बाहर थी। उन्होंने बताया कि इस बार ट्रांसपोर्टर 150 नई बसें ला रहे हैं। एक परिवहन कर अधिकारी की तैनाती की जाएगी, जो विभाग को यह डाटा उपलब्ध कराएगा कि कितनी बसें चारधाम यात्रा पर गई, कितने आई। कितनी बसें यात्रा पर जाने के लिए तैयार हैं। कहा कि पिछले साल यात्रा चेक पोस्ट पर कनेक्टिविटी न होने से बसों को ऑनलाइन चेक करने में परेशानी हुई थी। इस बार इस व्यवस्था को दुरुस्त किया जाएगा। गढ़वाल आयुक्त ने कहा कि पंजीकृत यात्रियों और वाहनों की संख्या को लेकर सामंजस्य बनाया जाए। बैठक में आईजी गढ़वाल करन सिंह नगन्याल ने कहा कि पिछले साल उत्तरकाशी के डामटा में मध्यप्रदेश के खजुराहो जिले के यात्रियों की बस गिर गई थी। इस बस में एक चालक था। इसलिए इस बार से हर बस में दो चालक होने चाहिए। बसों में दो चालक रखे जाने पर टीजीएमओ के अध्यक्ष जितेंद्र नेगी ने विरोध किया। उन्होंने कहा कि हमारे पास 1400 बसें तो हैं लेकिन चालक नहीं हैं। ऐसे में यात्रा की बसों में दो चालक रखना संभव नहीं है। उत्तराखंड परिवहन महासंघ के अध्यक्ष सुधीर राय ने कहा कि चारधाम के यात्रा के पीक पर होने के दौरान चमोली जिला प्रशासन की ओर से बदरीनाथ में श्रीमद भागवत कथा करने की अनुमति दी जाती है। जिससे अव्यवस्था हो जाती है। उन्होंने गढ़वाल आयुक्त से कथा की अनुमति न देने की मांग की। आयुक्त ने डीएम चमोली को निर्देशित किया। डस्टबीन लगाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि यह संभव नहीं है। आयुक्त ने कहा कि केंद्र के निर्देश हैं लगाने होंगे। बैठक में संयुक्त रोटेशन यात्रा व्यवस्था समिति के अध्यक्ष संजय शास्त्री ने कहा कि चारधाम यात्रा के लिए बसों के संचालन को लेकर एक नोडल अधिकारी की तैनाती की जाए। जो देहरादून, टिहरी और पौड़ी जिले के अधिकारियों को दिशा निर्देश दे सके। कहा कि पिछले साल धामों में यात्रियों की संख्या बढ़ने पर यात्रा पर जाने वाली 50-50 बसों को भद्रकाली और ब्रह्मपुरी बैरियर पर रोक दिया गया था। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए धामों में टोकन व्यवस्था लागू होगी। दर्शन की बारी आएगी तो वे उससे कुछ समय पहले वहां पहुंच जाएंगे। इससे धामों में भीड़ कम होगी और वहां व्यापारिक गतिविधियों को मदद मिलेगी। लोग खाली समय में खरीदारी कर सकेंगे। मुख्य सचिव डॉ. एसएस संधु ने बताया कि केदारनाथ के लिए देहरादून से भी हेली सेवा शुरू करने पर विचार हो रहा है। 2022 में कोरोनाकाल के दो साल बाद बिना बंदिशों के चली चारधाम यात्रा ने पिछले साल नया रिकॉर्ड बनाया था। पहली बार चारों धामों में करीब 46 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने दर्शन किए। 19 नवंबर को बदरीनाथ धाम के कपाट बंद होने के साथ ही चारधाम यात्रा का समापन हो गया था। बता दें कि पिछले वर्ष बदरीनाथ धाम में 17 लाख 60 हजार 646 श्रद्धालु पहुंचे थे। वहीं, रिकॉर्ड संख्या में गंगोत्री धाम में 624451 तीर्थ यात्री पहुंचे जबकि यमुनोत्री धाम में 485635 तीर्थ यात्री दर्शन के लिए पहुंचे। केदारनाथ यात्रा में रिकॉर्ड 15 लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचे थे। जबकि यात्रा से 211 करोड़ का कारोबार हुआ था।



# जोशीमठ की समीक्षा के लिये पीएमओ ने बुलाई राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक

देहरादून। चमोली जिले में आपदा का दंश झेल रहे जोशीमठ शहर पर प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) लगातार नजर बनाए हुए है। इसी कड़ी में पीएमओ ने 10 फरवरी को बैठक बुलाई है, जिसमें जोशीमठ की समीक्षा की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सलाहकार की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) जोशीमठ को लेकर प्रस्तुतीकरण भी देगा। राज्य के मुख्य सचिव और आपदा प्रबंधन सचिव बैठक से वर्चुअली जुड़ेंगे। उधर, राज्य मंत्रिमंडल की 10 फरवरी को होने वाली बैठक अब 15 फरवरी को मुख्यमंत्री आवास में होगी। माना जा रहा है कि पीएमओ की बैठक के दृष्टिगत बैठक की तिथि आगे की गई है। इसमें जोशीमठ को लेकर केंद्र को भेजे जाने वाले राहत पैकेज के प्रस्ताव पर कैबिनेट मुहर लगाएगी। जोशीमठ में भूधंसाव और भवनों में दरारों का क्रम तेज होने से उत्पन्न स्थिति को लेकर बीती आठ जनवरी को प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव डा पीके मिश्रा ने उच्च स्तरीय बैठक में समीक्षा की थी। इसके बाद आपदा के कारणों की तह तक पहुंचने और समस्या के समाधान के दृष्टिगत आठ संस्थानों के विज्ञानियों ने जोशीमठ में मोर्चा संभाल लिया था। ये संस्थान अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट एनडीएमए को भेज चुके हैं। इसके साथ ही प्रधानमंत्री कार्यालय जोशीमठ की स्थिति और वहां चल रहे राहत व जांच से संबंधित कार्यों का निरंतर अपडेट ले रहा है। अब पीएमओ ने 10 फरवरी को दोपहर बाद साढ़े तीन बजे जोशीमठ पर बैठक बुलाई है। इस संबंध में शासन को भी पत्र भेजा गया है। इसमें बताया गया है कि प्रधानमंत्री के सलाहकार यह बैठक लेंगे। बैठक में एनडीएमए की ओर से जोशीमठ को लेकर प्रस्तुतीकरण दिया जाएगा। बैठक में केंद्रीय गृह मंत्रालय के उच्चाधिकारियों के अलावा उत्तराखंड के मुख्य सचिव डा एसएस संधु, सचिव आपदा प्रबंधन डा रंजीत कुमार सिन्हा, अपर सचिव आनंद श्रीवास्तव समेत अन्य अधिकारी वर्चुअली जुड़ेंगे। जोशीमठ के दृष्टिकोण से इस बैठक को अधिक महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इसमें एनडीएमए द्वारा विज्ञानिक संस्थानों की रिपोर्ट के आधार पर समस्या के समाधान के उपायों का खाका प्रस्तुत किया जा सकता है। साथ ही पीएमओ की ओर से अहम दिशा-निर्देश उत्तराखंड शासन को दिए जा सकते हैं। यही नहीं, अप्रैल के तीसरे सप्ताह से होने वाली चारधाम यात्रा की तैयारियों के संबंध में भी बैठक में चर्चा होने की उम्मीद है। जोशीमठ को लेकर दिल्ली में एनडीएमए की मंगलवार को हुई बैठक में विमर्श किया गया। एनडीएमए के सदस्य सचिव की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में विज्ञानियों की प्रारंभिक रिपोर्ट पर संक्षिप्त चर्चा हुई। सचिव आपदा प्रबंधन डा रंजीत कुमार सिन्हा के अनुसार अब एनडीएमए बुधवार को जोशीमठ में जांच में जुटी विज्ञानिक संस्थाओं के साथ उनकी प्रारंभिक रिपोर्ट के संबंध में मंथन करेगा।

# विज्ञान मंथन में आरएएन के सात्विक वर्मा ने लहराया परचम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।आरएएन पब्लिक स्कूल के कक्षा सात के छात्र सात्विक वर्मा ने विद्यार्थी 'विज्ञान मंथन' में जूनियर वर्ग में एक सौ सत्ताईस प्रतिभागियों के बीच सफलता प्राप्त करके विद्यालय के सम्मान में चार चाँद लगा दिए। देवभूमि विज्ञान समृद्धि उत्तराखण्ड द्वारा राजकीय स्तर पर देहरादून के डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल में विद्यार्थी विज्ञान मंथन प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें प्रत्येक जिले से चयनित 127 विद्यार्थी प्रतिभागी बने। प्रतियोगिता में आरएएन पब्लिक स्कूल, रूद्रपुर के छात्र सात्विक वर्मा ने राजकीय स्तर पर सफलता प्राप्त की । इस सफलता पर विद्यालय संस्थापक विंग कमाण्डर एच. के. राय, प्रबंधक मोहित राय, प्रशासिका श्रीमती निधि राय, विद्यालय प्रधानाचर्या श्रीमती भावना भनोट सभी ने मिलकर बच्चों एवं उनके माता-पिता को बधाई दी तथा यूँ ही भविष्य में आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित किया एवं उनके उज्जवल भविष्य की मंगल कामना की ।



# मानसिक रूप से अस्वस्थ मां ने भूखी प्यासी बेटी को किया कमरे में कैद

## सूचना मिलते ही पहुँची बाल संरक्षण की टीम, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने की बच्ची की जांच

कपकोट (उद संवाददाता)। कपकोट थाना पुलिस क्षेत्र के अंतर्गत मंडलखेत निवासी एक मानसिक रूप से अस्वस्थ्य मां ने बेटी को लंबे समय से कमरे में कैद किया था। वह उसे बाहर नहीं जाने देती थी। इस बात की जानकारी सीडब्लूसी अध्यक्ष व सनातन सेवा समिति को मिली। उन्होंने भूखी-प्यासी बेटी को घर से कमरे से मुक्त कर उसे जिला अस्पताल भर्ती किया है।जहाँ मानसिक रोग विशेषज्ञ और अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरीश पोखरिया ने बच्ची के स्वास्थ का परीक्षण किया, वही इलाज के बाद स्वस्थ्य होने पर उसे परिजनों को सौंपा जाएगा। चाइल्ड वैलफेयर कमेटी (सीडब्लूसी)अध्यक्ष दीवान सिंह दानू ने बताया कि उन्हें मंगलवार को जानकारी मिली की मंडलखेत निवासी रीता उपाध्यक्ष पत्नी स्व. मदन उपाध्याय मानसिक रूप से अस्वस्थ्य है। उसने अपनी 18 साल की बेटी तनुजा को लंबे समय से कमरे में कैद किया है।11वीं के बाद उसकी पढ़ाई भी छुड़वा दी है। बेटी को वह बाहर नहीं आने देती। कमरे के अंदर की कुरकुरे आदि देती है। भरपेट भोजन भी उसे नहीं मिलता है। मंगलवार को वह पुलिस प्रशासन तथा सनातन सेवा समिति के पदाधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे और बेटी को मुक्त कराकर उसे जिला अस्पताल ले गए। जहां उसका इलाज चल रहा है। इलाज के बाद उसे स्वस्थ्य होने पर परिजनों को सौंपा जाएगा। मानसिक रूप से अस्वस्थ्य महिला का मायका गरुड़ क्षेत्र में है। कैद की गई बेटी जीआईसी कपकोट में कक्षा 11 में पढ़ती थी। उसका स्कूल भी मां ने छुड़ा दिया। स्कूल के शिक्षक कई बार उसके घर गए और बेटी को स्कूल भेजने की बात की, लेकिन मां नहीं मानी। इधर देर शाम डिप्टी सीएमओ व मनोचिकित्स्क डॉ. हरीश पोखरिया जिला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने भर्ती तनुजा का हाल-चाल जाना। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य नहीं होने के बाद उसकी काउंसलिंग की जाएगी।



### एक साल पहले भी कराया था कमरे से मुक्त

कपकोट। जिस बेटी को मंगलवार को सीडब्लूडी व सनातन सेवा समिति ने मुक्त कराया उसे एक साल पहले उसके मामा व अन्य लोगों ने कराया थाञ तब उसे बागेश्वर नीलेश्वर स्थित अनाथ आश्रम पद्धति स्कूल में भर्ती कराया था। कुछ दिन वहां रहने के बाद मां उसे वहां से भी ले गई। इसके बाद कुछ दिन सब ठीक रहा। बाद में फिर मां ने उसे कमरे में कैद करना शुरू कर दिया। वही कपकोट क्षेत्र में इस तरह बच्ची को कैद में रखने से बाल संरक्षण और उनके स्वास्थ्य कल्याण के लिए चलाई जाने वाली विभिन्न योजनाओं का किस प्रकार क्रियान्वयन किया जा रहा है ये बड़ा सवाल भी उठ रहा है, समाज मे इस तरह की मानसिक विसंगति का दूसरों पर कोई असर नही पड़े इसके लिए जागरूकता अभियान भी चलाया जाना चाहिए।

# डिजिटल वालंटियर व ट्रैफिक वालंटियर को किया सम्मानित

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। एसएसपी प्रदीप कुमार राय ने मासिक अपराध गोष्ठी कर्मचारी सम्मेलन के दौरान पुलिस सहयोगी की भूमिका निभाने पर डिजिटल वालंटियर व ट्रैफिक वालंटियर को सम्मानित किया। पुलिस सहयोगी की भूमिका निभाने पर 9 डिजिटल वालंटियर व 1 ट्रैफिक वालंटियर को उनके कार्यो की सराहना कर प्रशस्ति पत्र से सम्मानित करते हुए उत्साहवर्धन किया गया। सम्मानित ए डिजिटलवालंटियर व ट्रैफिक वालंटियरों में दीपक गिरी गोस्वामी, डा0 राजेश कुमार,ीअमन अंसरी,सुधांशु अग्रवाल, नीरज भण्डारी,श्रीमती सपना बुधलाकोटी, कविता जोशी,भावना तिवारी, नीता नेगी एवं ट्रैफिक वालंटियर विजय गोस्वामी आदि शामिल हैं।



अरोरा डेन्टल केयर
Dental Facilities / सुविधायें
डैंटल इंप्लान्ट की सुविधा आसान किस्तों में उपलब्ध
• दांतों की नसों का इलाज / RCT
• फिक्स दांत लगाना / Crown, Bridge & Dental Implant
• नकली दांतों का जबड़ा लगाना / Complete Denture
• टेढ़े-मेढ़े दांतों को सीधा करना / Ortho Treatment
• दांतों के रंग की फिलिंग / Composite Filling
• सफाई द्वारा पायरिया का इलाज / Ultrasonic Scaling
(15 साल का अनुभव)
1. J.K. Tower, Near Navrang Sweets, Janta Inter Collage Road, Rudrapur
Opp.Prabal Enclave, Near ICON School, Sidcul-Bigwara Road, Rudrapur, U.S. Nagar

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

# कार्यशाला में दी राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली की जानकारी


रूद्रपुर(उद संवाददाता)।राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के विभिन्न पहलुओं को समझने के साथ ही इसके बेहतर क्रियान्वयन के लिए मुख्य कोषाधिकारी डॉ.पंकज कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में कार्यशाला का



आयोजन किया गया। डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में आयोजित एनपीएस कार्याशाला में प्रशिक्षक रमेश तथा योगेन्द्र ने सभी आहरण संवितरण अधिकारियों को पेंशन की राशि का भुगतान करने और इसकी वापसी के संबंध में जानकारी दी। इसके साथ ही एनपीएस से विभिन्न सुविधाओं का लाभ लेने के लिए एक ही प्रान नम्बर का उपयोग करने को कहा। राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के तहत पंजीकृत कर्मचारी के विभिन्न क्षेत्रों में सेवा देने की स्थिति में सेवा स्थल पर अपने प्रान नम्बर की जानकारी अवश्य देना चाहिए। कार्यशाला में बताया गया कि कर्मचारी अपने तनख्वाह से होने वाले कटौती की जानकारी भी एनपीएस या मोबाईल एप्प के माध्यम से प्राप्त कर सकते हैं। प्रश्नोत्तर के माध्यम से भी एनपीएस के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गई। इसके साथ ही एनपीएस में कार्य के दौरान होने वाले शंकाओं को भी दूर किया गया।मुख्य कोषाधिकारी डॉ.पंकज कुमार शुक्ल ने बताया कि 2005 से लागू हुई राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली से जुड़े हुए शासकीय सेवकों को उनकी पेंशन और अन्य बकायों का समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जायेगा। इस प्रणाली से जुड़े शासकीय सेवक अब सेवानिवृत्त होने लगे हैं। सेवानिवृत्त होने वाले इन शासकीय सेवकों को समय पर पेंशन और अन्य बकायों का भुगतान सुनिश्चित हो इसके लिये व्यापक प्रबंध किये जा रहे हैं। इसी के तहत सभी शासकीय कार्यालयों में वेतन आहरण से जुड़े अधिकारी-कर्मचारियों को भुगतान प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली से जुड़े शासकीय कर्मचारियों, कार्पोरेट कर्मचारियों और एनपीएस सर्व नागरिक मॉडल के सदस्यों के निर्धारित आयु के पश्चात सेवानिवृत्ति पर निकासी की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। एनपीएस अभिदाता को लाभदायक एन्यूटी चयन करने, सेवानिवृत्ति पर अपनी जमा राशि का अंतिम रूप से भुगतान प्राप्त करने की प्रक्रिया, नॉमिनेशन दर्ज करने, ऑनलाइन एनएसडीएल पोर्टल पर अपने खाते की विवरणी देखने आदि के बारे में जानकारी दी गई। बताया गया कि प्रत्येक अभिदाता और संबंधित अधिकारियों को एनपीएस से संबंधित सम्पूर्ण प्रक्रिया की जानकारी होना आवश्यक है, ताकि अभिदाता को समय पर राशि का भुगतान हो सके और परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। इस दौरान अभिदाताओं द्वारा एनपीएस से संबंधित आ रही विभिन्न कठिनाईयों के संबंध में सवाल भी पूछे गये, जिनके वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा संतोषप्रद जवाब देकर समाधान किया गया। कार्यक्रम में प्रजेंटेशन के माध्यम से एनपीएस के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।कार्यशाला में कोषाधिकारी जुबक मोहन सक्सैना, सहायक निदेशक मत्स्य संजय कुमार छिमवाल, जिला पंचायतराज अधिकारी आरसी त्रिपाठी, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरूद्ध, सहित अन्य आहरण-वितरण अधिकारी आदि उपस्थित थे।

# सूरजमल की छात्राओं ने बनाई मिसाल

किच्छा(उद संवाददाता)। सूरजमल कन्या महाविद्यालय की छात्रा गुलनि शेख व आकांक्षा सिंह यादव ने एम कॉम में सर्वाधिक अंक प्राप्त करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। भेंट के दौरान विभाग के एचओडी रमेश यादव ने बताया कि यह पहला मौका नही जब छात्राओं ने अपना बेहतर प्रदर्शन दिया हो।



इससे पूर्व भी विभाग की छात्राओं का बेहतर प्रदर्न देते हुए सर्वाधिक अंकों से परीक्षा में सफलता हासिल की। उन्होंने बताया कि गुलनि शेख ने सर्वाधिक अंक 8.48 सीजीपीए तथा आकांक्षा सिंह यादव ने सर्वाधिक 8.40 सीजीपीए अंक प्राप्त करते हुए परीक्षा उत्त्तीण की। दोनों छात्राओं की सफलता पर महाविद्यालय सचिव एसएन शर्मा तथा प्रिंसिपल डा0 बीसी जोशी ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविय की कामना की।

# प्रेम सिंह ग्रोवर के निधन पर शोक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कर परामर्शदाता नरेश कुमार सेठ के कार्यालय पर एक शोकसभा आयोजित की गयी जिसमें गदरपुर के प्रसिद्ध किराना व्यापारी प्रेम सिंह ग्रोवर के निधन पर शोक व्यक्त व दो मिनट का मौन रखा गया। इस अवसर पर राजकुमारी सीकरी ने कहा कि प्रेम सिंह ग्रोवर एक समजासेवी व ईमानदार व्यक्ति थे व गुरूघर से जुड़े थे। उन्होंने अपना जीवन बड़ी ईमानदारी से बिताया। इस अवसर पर जगदीश छाबड़ा, मान सिंह, प्रेम ठक्कर, नरेश कुमार सेठ, बॉबी टुटेजा, ईशान सेठ, सुरेश मदान, राजीव गगनेजा, गुरमीत सिंह चुघ, मनोहर लाल मिगलानी, राजकुमार सीकरी, अशोक चोपड़ा, सुमित ग्रोवर आदि थे।

ARCHIDPLY INDUSTRIES LIMITED

ARCHIDPLY INDUSTRIES LIMITED
CIN: L85110UR1995PLC008627
**Regd. Office :** Plot No. 7, Sector - 9, Integrated Industrial Estates, Sidcul, Pant Nagar, Udham Singh Nagar, Rudrapur , Uttarakhand 263153
**Corporate Office:** 2/9, 1st floor, W.H.S. Kirti Nagar, New Delhi - 110015
**Ph.:** 05944-250270, 011-45642555, **Fax:** 05944-250269,
**E-mail:** cs@archidply.com, **Website:** www.archidply.com

'Extract of Unaudited Consolidated Financial Results for the Quarter and Nine Months ended 31st December, 2022
(Rupees in Lakhs except per share data)

| Sr. No. | Particulars | Quarter Ended Dec 31, 2022 Unaudited | Nine months ended Dec 31, 2022 Unaudited | Quarter Ended Dec 31, 2021 Unaudited | Year ended March 31,2022 Audited |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Total Income from Operations | 10,599.42 | 30,765.53 | - | 30,628.33 |
| 2 | Net Profit/(Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary Items) | 300.38 | 1,243.77 | - | 1,156.39 |
| 3 | Net Profit /(Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary Items) | 300.38 | 1,243.77 | - | 1,161.69 |
| 4 | Net Profit/(Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary Items) | 231.22 | 969.12 | - | 845.69 |
| 5 | Total Comprehensive income for the period [Comprising Profit/(Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 234.98 | 980.38 | - | 860.98 |
| 6 | Equity Share Capital (Face value Rs.10 per share) | 1,986.50 | 1,986.50 | - | 1,986.50 |
| 7 | Other Equity (at the end of the year) | - | - | - | - |
| 8 | Earnings per share of Rs 10 each<br>1. Basic (In Rs.)<br>2. Diluted (In Rs.) | <br>1.16<br>1.16 | <br>4.88<br>4.88 | <br>-<br>- | <br>4.26<br>4.26 |

**Notes :**
1 The above Unaudited financial results were subjected to limited review by the Statutory Auditors of the company, have been reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at its meeting held on February 07, 2023.
2 The above unaudited financial results of the company have been prepared in accordance with Indian Accounting Standards (IND AS) prescribed under section 133 of the Companies Act, 2013 read with Companies (Indian Accounting Standards) Rules, 2015 as amended.
3 The full format of the results is available on the websites of the stock exchanges (www.bseindia.com & www.nseindia.com) and on the company website (www.archidply.com).
4 Key number of the Unaudited Standalone Financial Results for the quarter and nine months ended December 31, 2022 are given below :
(Rupees in Lakhs except per share data)

| Particulars | Quarter Ended Dec 31, 2022 Unaudited | Nine months ended Dec 31, 2022 Unaudited | Quarter Ended Dec 31, 2021 Unaudited | Year ended March 31,2022 Audited |
|---|---|---|---|---|
| Total income from operations | 10,303.19 | 30,158.91 | 8,157.73 | 30,628.33 |
| Net Profit/(Loss) for the period before tax | 288.93 | 1,232.86 | 329.55 | 1,163.48 |
| Net Profit/(Loss) for the period after tax | 222.69 | 961.16 | 244.62 | 847.48 |
| Total Comprehensive Income for the period | 226.45 | 972.43 | 249.31 | 862.77 |

4 The figures of the corresponding quarter have been regrouped/reclassified, wherever necessary to confirm to current quarter classification/presentation.

By Order of the Board of Directors
Sd/-
Rajiv Daga
Managing Director
DIN: 01412917

Place : New Delhi
Date : February 07, 2023

# कैंसर पर छात्राओं को किया जागरूक

देहरादून (उद संवाददाता)। कैंसर जागरूकता के अवसर पर संजय औद्यपीटिक स्पाइन एवं मैटरनिटी सेन्टर द्वारा राजकीय इण्टर कॉलेज किशनपुर में सेमीनार का आयोजन किया गया। इस सेमीनार की मुख्य वक्ता राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ0 सुजाता संजय द्वारा सरवाइकल कैंसर के बारे में अपने विचार व्यक्त किये। उन्होंने कहा सरवाइकल कैंसर एक ऐसी बीमारी है जिसका नाम सुनते ही लोग भयभीत हो जाते है। वैसे तो कैंसर किसी को भी हो सकता है पर कुछ खास तरह के कैंसर जो सिर्फ स्त्रियों को ही होता है, उनमें से एक है गर्भाशय का कैंसर गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर को सरवाइकल कैंसर भी कहा जाता है। सरवाइकल कैंसर भारतीय महिलाओं में सर्वाधिक होने वाला कैंसर है। यह बच्चेदानी या गर्भाशय के मुँह की कोशिकाओं में विकसित होता है। डॉ० सुजाता संजय ने कहा कि, सरवाइकल कैंसर उन महिलाओं में देखा गया है, जो कम उम्र में यौन संबंध बनाना शुरू कर देती है. एक से अधिक साथियों के साथ असुरक्षित सैक्स करती है और सैक्स के प्रति बहुत अधिक सक्रिय होती है। सरवाइकल कैंसर ड्मन पेपिलोमा वायरस की वजह से होता है। एचवीपी वायरस पुरुषों के वीर्य में होता है। सैक्स के दौरान एचवीपी वायरस पुरूषों से महिलाओं की योनि में पहुंच जाता है। सरवाइकल कैंसर के सर्वाधिक मामले 15-44 आयु वर्ग की स्त्रियों में देखने को मिल रहा है। डॉ० सुजाता संजय ने व्याख्यान के दौरान बताया कि बच्चेदानी के मुँह के कैंसर का प्रारम्भिक अवस्था में निदान एवं उपचार संभव है जिसमें पैप टैस्ट द्वारा आप एक साधारण रिकीनिंग तकनीका जिसे वी.आई. ए. (विजुअल इन्स्पेक्शन विद एसेटिक एसिड) कहते हैं, के द्वारा तत्काल परिणाम जानने हेतु यह जाँच करा सकती है। सभी यौन सक्रिय महिलाओं तथा रजोनिवृत्ति के पश्चात प्रौढ महिलाओंको भी प्रतिवर्ष अपनी जांच करानी चाहिए।डा. सुजाता बताती है कि स्तन कैंसर की 4 अवस्था होती है स्तन कैंसर अगर पहले स्टेज में है तो मरीज के ठीक होने की उम्मीद 80 प्रतिशत से ज्यादा होती है दूसरे स्टेज में अगर स्तन कैंसर है 60- 70 प्रतिशत तक महिलाएं ठीक हो जाती है, वहीं तीसरे या चौथे स्टेज में स्तन कैंसर है तो इलाज थोड़ा कठिन हो जाता है जो महिलाएं



एक्सरसाइज करने से बचती है उनमें ब्रेस्ट कैंसर का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। मेनापॉज के बाद तो महिलाओं के लिए एक्सरसाइज करना बहुत जरूरी होता है। अगर आपको हेवी एक्सरसाइज पसंद न हो तो रोज आधे घंटे की सैर कर सकती है आप चाहें तो बागवानी या तैराकी जैसे विकल्प चुनकर भी अपनी फिटनेस को मेंटेन कर सकती है। इससे पेट और कमर की चर्बी कम करने में भी मदद मिलती है।

# सितारगंज भाजपा मंडल की कार्यकारिणी का विस्तार

सितारगंज(उद संवाददाता)। भाजपा के सितारगंज मंडल की कार्यकारिणी का मंडल अध्यक्ष ने मंगलवार को विस्तार किया। सितारगंज के भाजपा मंडल अध्यक्ष आदेश चौहान ने जिलाध्यक्ष कमल जिंदल की संस्तुति पर अमित रस्तोगी व राजू नगदली को महामंत्री, आनंद बल्लभ भट्ट, ललित सक्सेना, ललिता पवार, सौरभ सक्सेना को उपाध्यक्ष, बलवीर कंबोज, सोनू, चंद्रावती, सुमन राणा को मंत्री, संदीप गुप्ता को कोषाध्यक्ष व अरविंद चौरसिया को मीडिया प्रभारी बनाया है।

# भवन निर्माण कर्मकार बोर्ड में रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था सीएससी केन्द्रों में की जाए: सागर

किच्छा(उद संवाददाता)।भवन निर्माण कर्मकार बोर्ड में नवीनीकरण, रजिस्ट्रेशन में आ रही कठिनाई को दूर करने की मांग को लेकर वरिष्ठ भाजपा नेता चूड़ा मणि सागर ने मोर्चा खोल दिया है। जिलाधिकारी को मंगल दिवस के माध्यम से प्रेषित मांग



पत्र में भाजपा नेता ने कहा है कि भी निर्माण कर्मकार बोर्ड में रजिस्ट्रेशन, नवीनीकरण के लिए पूरे जिले में एक ही खिड़की खुली हुई है जिस कारण जनपद के हजारों मजदूरों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।मजदूरों को अपना कार्य छोड़ कर प्रात: से लाईन में लगना पड़ रहा है उस पर भी कार्य हो जाए ये संभव नहीं है। भाजपा नेता ने मांग की है कि मजदूरों नवीनीकरण एवं रजिस्ट्रेशन के लिए पूर्व की भांति सीएससी केंद्रों में आवेदन करने की छूट दी जाय तथा लेवर इंस्पेक्टर से पूर्व की भांति सत्यापन करने व्यवस्था को लागू किया जाय।इससे मजदूरों को हो रही भरी असुविधा से बचाया जा सके।

# योजनाओं को जन जन तक पहुंचा रही डबल इंजन सरकार: धामी

## खटीमा में भाजपा की दो दिवसीय जिला कार्यसमिति की बैठक आयोजित

खटीमा(उद संवाददाता)। भाजपा की दो दिवसीय जिला कार्यसमिति की बैठक का उद्घाटन प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया एवं वन्दे मातरम गीत के साथ कार्यसमिति की शुरूआत हुई। पुष्कर सिंह धामी का कार्यसमिति में पहुँचने पर भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिंदल द्वारा पुष्प गुच्छ और स्मृति चिन्ह भेट कर स्वागत अभिनंदन हुआ। कार्यकताओ को सम्बोधित करते हुए प्रदेश में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश सरकार लगातार कार्य कर रही है ओर वही स्थिति को लेकर सरकार गम्भीर है वही दूसरी ओर कांग्रेस और अन्य वामपंथी विचारधारा के लोग इसमें राजनीति करने का कार्य कर रहे हैं जबकि हमारी सरकार सदैव कार्य करने में ही विश्वास रखती है। उन्होंने कहा हमारी सरकार ने चारधाम यात्रा हो या प्रदेश में ऑल वेदर रोड हो या फिर राज्य में केंद्र सरकार की योजनाओ को अंतिम पायदान पर ले जाने का काम हमारी सरकार ने किया है, साथ ही हाल ही में प्रध अग्रणी क्षेत्र में ले जाने की दिशा में यह बजट गौरवगाथा लिखने वाला है। हमारा सौभाग्य है इस बार जी20 की बैठक की अध्यक्षता भारत करने वाला है और उसमें उत्तराखंड में कुछ बैठक होने वाली है जो हम सभी प्रदेशवासियों के लिये गौरव की बात है। हमारी देवभूमि हर क्षेत्र में अग्रिम भूमिका निभाएं ऐसी सोच के साथ प्रदेश सरकार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा गणतंत्र दिवस पर दिल्ली में उत्तराखंड की झांकी को प्रथम स्थान मिला यह प्रदेश के लिये हर्ष का जन जन तक पहुचाने का कार्य आप सभी करेगे जिसका लाभ आने वाले चुनाव में मिलेगा। दूसरे सत्र में बैठक में संगठनात्मक विषय पर प्रदेश संगठन महामंत्री अजय कुमार द्वारा कार्यकताओ को सम्बोधित किया उन्होंने बैठक में पार्टी संगठन के विषय पर बोलते हुए कहा प्रदेश में संगठन की रचना अपने अंतिम चरण में है और हम बहुत जल्द मण्डल की रचना के बाद बूथ पन्ना प्रमुख तक की योजना पर कार्य करने वाले हैं, अजय कुमार ने कहा हमारी पार्टी कार्यकर्ता समय पहले पूर्ण हुई है और अब जिले के बाद मण्डल तक की कार्यसमिति आने वाली 20 फरवरी से पहले पूर्ण होनी है। उन्होंने कार्यकताओ को मन्त्र देते हुए कहा हमको पन्ना प्रमुख तक कि योजना के अनुसार हर पन्ने के लोगो से सम्पर्क करना और केंद्र और राज्य सरकार की हर योजनाओं का लाभ उनको मिले ऐसा कार्य करना है, प्रदेश संगठन मंत्री ने कहा आने वाले समय मे देश मे लोकसभा चुनाव है और राज्य में निकाय चुनाव होने हैं इस बार कार्यकताओ का दायित्व है। इससे पहले स्वागत भाषण जिला अध्यक्ष कमल जिंदल द्वारा कार्यक्रम की योजना रचना को कार्यकत्ताओं के बीच रखा। वही जिला प्रभारी पुष्कर काला ने संगठन विषय पर अपने विचार रखे और बूथ तक कि टीम को जल्द से जल्द अस्तित्व में लाने हेतु कार्यकताओ को कहा कि उन्होंने बताया हमारी पार्टी के सभी नेता बूथ तक कि टीम से सम्पर्क करेंगे और एक दिवसीय प्रवास कार्यक्रम भी लगाये








कहा भारतीय जनता पार्टी की आप सभी नींव हो जिनकी सक्रियता ओर मेहनत के चलते केंद्र से लेकर प्रदेश में भाजपा की सरकार है ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से मुख्यसेवक के रूप में प्रदेश की सेवा करने का अवसर मुझे मिला है। मुख्यमंत्री बोले प्रदेश सरकार लगातार राज्य हित मे निर्णय लेते हुए विकास के पथ पर देश का सबसे विकसित राज्य बनने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा जोशीमठ को लेकर ानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में देश की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किये गये अमृतकाल के सबसे उत्तम बजट जो स्वर्णिम भारत की ओर ले जाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। इस बजट में गाँव गरीब किसान से लेकर देश को विश्व की सबसे मजबूत अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में महत्वपूर्ण बजट साबित होगा। यह बजट गरीब कल्याण के मंत्र को सार्थक करने वाला और देश को विश्व के मानचित्र सबसे विषय है। वही कार्यसमिति में पहुँचने से पहले मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार एव राज्य सरकार की जनकल्याणी योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी का फीता काटकर उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने सभी नवीन जिम्मेदारी पाने वाले जिला पदाधिकारी मडल अध्यक्ष सहित जिला मोर्चो में दायित्व पाने वाले कार्यकताओ को बध ई दी और कहा आने वाला चुनाव में आप सभी की भूमिका महत्वपूर्ण होने वाली है केंद्र एव राज्य सरकार की योजनाओं को आधारित पार्टी है जिसमे हर कार्यकर्ता का सम्मान है, उन्होंने ने कहा हम राष्ट्र प्रथम की विचारधारा को आगे रखते हुए समाज हित ने कार्य करते हैं और निश्चित रूप से भारतीय जनता पार्टी सिर्फ चुनाव के समय ही नही बल्कि लगातार अपने कार्यक्रम और कार्यशैली की ताकत पर ही संगठन के कार्य को आगे ले जाने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा जिला कार्यसमिति से पूर्व राष्ट्र एव प्रदेश की कार्यसमिति अभी कुछ भारतीय जनता पार्टी हमारा बूथ सबसे मजबूत के मंत्र के साथ लोगो के बीच मे जायेगी। प्रदेश संगठन मंत्री ने महत्वपूर्ण विषय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम पर भी चर्चा की उन्होंने कहा प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम हर बूथ तक हो और हर कार्यकर्ता अपने आस पास मन की बात को सुने ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को गम्भीरता से जन जन तक लेकर जाना सब जायेंगे। इस दौरान जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, जिला प्रभारी पुष्कर काला, सह प्रभारी गुरविंदर सिंह चंडोक, विधायक शिव अरोरा,प्रदेश मंत्री लीलावती राणा, जिला महामंत्री अमित नारंग, सतीश गोयल, हिमांशु बिष्ट, इंद्रपाल मान, राकेश सिंह, राजेश तिवारी, दिग्विजय खाती, किशोर जोशी, भुवन जोशी, ओम नारायण ,मयंक कक्कड़ सहित सभी मण्डल अध्यक्ष मोर्चो के जिले के अध्यक्ष व अन्य लोग मौजूद रहे।

## कांस्य पदक जीतने पर आरती को सम्मानित किया

किच्छा(उद संवाददाता)। हरिश्चंद्र की पुत्री आरती के 28 जनवरी को पीएम परेड में घुड़सवारी में कांस्य पदक जीतने पर मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया गया। जिसके बाद नगर पहुंचने पर सुन्दर कांड का पाठ एवं भंडारे के उपरान्त स्थानीय लोगों द्वारा आरती को सम्मानित किया गया। आरती ने



बताया कि वह पंतनगर जीजीआईसी में 12 वी मे पढ़ती है। बचपन से हॉर्स राइडिंग का शौक व एनसीसी में सी सर्टिफिकेट की तैयारी कर रही है। इस अवसर पर ड गणेश उपाध्याय सहित सीपी सिंह, राजकुमार पांडेय, जोगी मणि त्रिपाठी, दिनेश सिंह, जितेश राय, महिपाल सिंह बोरा, शंभू मिश्रा, मानवेंद्र साही, आनंद सिंह, सत्येंद्र सिंह, नीतू वर्मा, गीता सिंह, आदर्श पांडे, उत्सव सिंह, ष्ण सिंह, प्रेम राज मिश्रा, मृत्युंजय, सत्येंद्र सिंह थे।

## जिला पंचायत अध्यक्ष पर लगाया मनमानी का आरोप, तालाबंदी

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। जिला पंचायत सदस्यों ने जिला पंचायत अध्यक्ष पर मनमानी का आरोप लगाते हुए जिला पंचायत कार्यालय में तालाबंदी की। साथ ही नारेबाजी कर विरोध जताया। सदस्यों ने उत्तराखण्ड पंचायती राज सचिव को शिकायती पत्र भी प्रेषित किया है। जिसमें उन्होंने ऊधमसिंह नगर जिला पंचायत अध्यक्ष रेनू गंगवार के गैर संवैधानिक व निय विरुद्ध मनमानी कार्यों की जांच का आग्रह किया है। जिला पंचायत सदस्यों का कहना है कि जिला पंचायत अध्यक्ष रेनू गंगवार के पति सुरेश गंगवार जिला पंचायत के कार्यों में हस्तक्षेप करते हैं, जोकि पंचायती राज अधिनियम के अंतर्गत नियमों का उल्लंघन है, जिस हेतु सदस्यों ने जांच कर कार्यवाही की मांग भी की है। जिला पंचायत सदस्यों का आरोप है कि जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा द्वेष भावना के चलते उनके क्षेत्र की विकास योजनाओं के टेण्डर स्वीकृत नहीं किये जाते, जिसका आधार वित्तीय स्थिति को बनाया जाता है। उनका कहना है कि उनके क्षेत्र को छोड़कर जिलेभर में विकास योजनाओं के कार्य सुचारु हैं जबकि द्वेष भावना के चलते उनके क्षेत्र के कार्य अधर में लटके हैं। शिकायत पत्र में कहा है कि माह जनवरी 2023 में अधिकारियों पर दवाब बनाते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा अपने क्षेत्र में 50 लाख की योजनाओं के टेण्डर खुलवाये हैं, जो जांच का विषय है। वहीं आरोप है कि खुलवाये टेण्डरों के कई कार्य पूर्व में पूर्ण हो चुके हैं, जिसकी तीसरे पक्ष से जांच आवश्यक है। जिला पंचायत सदस्यों ने पूरे मामले में तीसरे पक्ष से निष्पक्ष जांच की मांग की है। विरोध करने वालों में राजपुर क्षेत्र से सतीश कुमार, प्रतापपुर से विपिन कुमार, खेमपुर क्षेत्र से सुमन सिंह समेत अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## भाजपा नेता विवेकदीप ने अफगानिस्तान के डिप्टी एंबेसडर से की शिष्टाचार भेंट

किच्छा(उद संवाददाता)। भाजपा नेता ठाकुर विवेक दीप सिंह ने अफगानिस्तान के डिप्टी एंबेसडर कादिर शाह से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने अफगानिस्तान के साथ युवाओं को लेकर व्यापारिक रितों को लेकर चर्चा की। भेट में उन्होंने कादिर शाह से बात करते हुए कहा कि उत्तराखण्ड पर्यटन के क्षेत्र में तेजी से उभर रहा है, जहां दो के साथ विदेशों से सैलानी आकर उत्तराखण्ड की हसीन वादियों का आन्नद लेना चाहते है, वही दूसरी ओर अफगानिस्तान के साथ युवाओं के जुड़ाव के साथ व्यापारिक स्तर




पर अनेक मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान सिंह ने उत्तराखण्ड की सुप्रसिद्ध जैविक खाद्य सामग्री कादिरशाह को भेट करते हुए उन्हे उत्तराखण्ड पहुँचने का आमन्त्रण दिया। जिस पर कादिर शाह ने रमजान के बाद उत्तराखण्ड पहुँचने तथा युवाओं को लेकर अफगानिस्तान के बेहतर रिश्तों का स्वागत किया है।

# एनएसएस की नशा उन्मूलन पर बौद्धिक गोष्ठी आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर युवाओं में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति के प्रति उन्हें जागरूक करने के लिए 'नशा उन्मूलन' विषय की थीम के अंतर्गत एक बौद्धिक गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। महाविद्यालय की 'नशा उन्मूलन समिति' की संयोजिका प्रोफेसर कमला डी भारद्वाज ने स्वयंसेवियों को नशा मुक्ति के सम्बन्ध में शपथ भी दिलायी।राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों को सम्बोधित करते हुए प्रोफेसर कमला भारद्वाज ने युवाओं को न सिर्फ स्वयं को नशे से बचाने का आह्वान किया बल्कि समाज को नशे से मुक्त रखने के लिए उन्हें समाज के लोगों को जागरूक करने पर भी बल दिया। समाजशास्त्र की विभाग प्रभारी प्रोफेसर हेमलता सैनी ने शिविर के स्वयंसेवियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि राष्ट्र की युवा शक्ति ही इस राष्ट्र का भविष्य है। युवाओं को नशे के दुश्चक्र से बचाने के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों को सक्रिय तौर पर सकारात्मक भूमिका निभाने की जरूरत है। समाजशास्त्र विभाग के प्रोफेसर रवीन्द्र कुमार सैनी ने युवाओं में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त हुए स्वयंसेवियों को व्यक्ति और समाज पर पड़ने वाले इसके दुष्प्रभावों के प्रति सचेत किया।राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेवी अफशां अंजुम और कैलाश ने साथी स्वयंसेवियों को नशे के चंगुल



से बचने के लिए सतर्क रहने का आह्वान किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के पूर्व स्वयंसेवी रमेश कोली और कैलाश ने भी नशा उन्मूलन के सम्बन्ध में स्वयंसेवियों द्वारा पूर्व में किए गए कार्यों के बारे में बताते हुए बढ़चढ़ कर अपना योगदान देने आह्वान किया। जन सामान्य को नशा मुक्ति के सम्बन्ध में जागरूक करने में स्वयंसेवियों के महत्व को रेखांकित करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राघवेंद्र मिश्रा तथा डॉ. रंजीता जौहरी ने भी स्वयंसेवियों को सम्बोधित किया।राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजेश कुमार सिंह ने स्वयंसेवियों को नशे से बचने के लिए जीवन में सकारात्मक अभिरुचियों के विकास के माध्यम से स्वयं को व्यस्त रखने की जरूरत पर बल दिया। स्वयंसेवियों को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी जन्तु विज्ञान विभाग प्रभारी डॉ. दीपमाला ने ड्रग्स से जुड़े विभिन्न वैज्ञानिक और चिकित्सकीय पहलुओं की जानकारी दी तथा स्वयंसेवियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय परिसर में साफ सफाई कर स्वच्छता का संदेश भी दिया। इस एक दिवसीय शिविर में पिंकी , हेमलता, हिमांशी शर्मा, प्रिया शर्मा, मधु रानी, मोहित, प्रेम कुमार, आलिम, संजना, ममता पाठक, नेहा भट्ट , कोमल कुशवाहा, रोया श्रीवास्तव, नीलम, चाँदनी, सुनयना, मोनिका मण्डल सहित कुल 81 स्वयंसेवियों ने प्रतिभाग किया। महाविद्यालय के अनुसेवक संदीप सिंह डसीला ने कार्यक्रम में सहयोग कर कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।




# शिवरात्रि के पावन पर्व पर भोले बाबा का कीर्तन

दिनांकः 16 फरवरी 2023 सांय 3 बजे, दिनांक 17 फरवरी 2023 प्रातः 10 बजे से

स्थान-नेक्सा ट्रूवेल्यू, काशीपुर रोड
ग्रीन पार्क गेट के सामने, रुद्रपुर

भंडारा और कांवरियों की सेवा में निरंतर रहेगा। कांवरियों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था रहेगी।

आयोजक-श्री शिव सेवा संस्थान
एवं सांध्य दैनिक उत्तरांचल दर्पण


## सातवीं एशियन जु-जित्सू प्रतियोगिता के लिए भारतीय दल का हुआ चयन

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। सातवीं एशियन जु-जित्सू प्रतियोगिता के लिए भारतीय जु-जित्सू टीम का चयन कर लिया गया है। यह चयन जु-जित्सू एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा प्रो फाइट क्लब, द्वारका, दिल्ली में 5 फरवरी को आयोजित हुए नेशनल ट्रायल के आधार पर किए गए। जु-जित्सू एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष रेंशी विनय जोशी ने बताया कि दिल्ली में रविवार को हुए ट्रायल में 13 राज्यों के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग कर जु-जित्सू खेल के अलग अलग इवेंट्स जैसे ने-वाजा, फाइटिंग जुजित्सू, कांटेक्ट जुजित्सू, डूओ-शो जु-जित्सू में अपना दमखम दिखाया। जिसके आधार पर थाईलैंड जाने वाली भारतीय टीम की घोषणा कर दी गई है। और उन्होंने बताया कि भारतीय जु-जित्सू टीम में चयनित खिलाड़ी थाइलैंड, बैंकॉक में दिनांक 24 से 28 फरवरी 2023 को होने वाली सातवीं एशियन




जुख्रजित्सू चौंपियनशिप में प्रतिभाग करेंगे। इसमें भारतीय जुख्रजित्सू खिलाड़ी अपना दम दिखाएंगे। ओर आगे कहा कि जो खिलाड़ी उक्त प्रतियोगिता में पदक हासिल करेंगे, उन खिलाड़ियों को चीन के हांगझोऊ शहर में होने वाले 19 वें एशियन गेम्स की टीम के लिए संभावित खिलाड़ियों के रूप में भारत सरकार द्वारा विशेष प्रशिक्षण की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी ।इसके साथ ही जिला जुख्र जित्सू संघ के महासचिव ऋषि पाल भारती ने बताया कि इस ट्रायल में उत्तराखंड राज्य के लगभग 12 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। जिसमें जनपद नैनीताल से नव्या पांडे, आदर्श शर्मा, कुणाल सागर, शुभम रावत, जनपद उधम सिंह नगर से कमल सिंह, जयप्रकाश, मनदीप कौर, यतेंद्र कुमार, भावना, काजल व जनपद देहरादून से विश्वनाथ राजपूत, जनपद हरिद्वार से करुणानिधि पांडे सहित सभी ने विभिन्न स्पर्धाओं के लिए जु-जित्सू टीम में अपनी जगह सुनिश्चित की, आगे भारती ने बताया कि जुख्रजित्सू मूल रूप से जापान का खेल है, व खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जुख्रजित्सू को मुख्य खेलो के रूप मे मान्यता दी गई है, यह खेल एशियन गेम्स में स्थाई रूप से शामिल है और अंतराष्ट्रीय स्तर पर बहुत ही लोकप्रिय खेल है। इस मौके पर समस्त चयनित खिलाड़ियों को उप खेल निदेशक सुरेश चंद्र पांडे, नैनीताल डीएसओ रशिका सिद्धकी, उप क्रीडा अधिकारी जानकी कार्की, उप क्रीडा अधिकारी निर्मला पंत, ललित पांडे, भारत भूषण चुघ, देवेंद्र सिंह रावत, किशोर सिंह, विनोद लखेरा, मुकेश यादव, कैनथ लाल, जॉनी हिराम, शोभा तिग्गा, भूपेश दुमका, सतनाम चावला, एजे बटसर, साधना बटसर सहित अनेकों खेल प्रेमी लोगों ने बधाई दी।

**तुम जियो हजारों साल**



**तृप्ति मुंजाल**

के जन्म दिन पर समस्त परिवारजनों एवं दर्पण परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं

## पुलिस ने चलाया जागरूकता कार्यक्रम

काफलीगैर(उद संवाददाता)। झिरौली पुलिस द्वारा एनएसएस शिविर में जाकर छात्र-छात्राओं को जागरू किया। एनएसएस शिविर में पुलिस उपाधीक्षक शिवराज सिंह राणा,और थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर राजेन्द्र रावत द्वारा स्कूली बच्चों और अभिवावकों को विभिन्न प्रकार की कानूनी जानकारी दी गई। राइका काफलिगैर में आयोजित शिविर में विद्यालय के प्रधानाचार्य राजीव निगम ने पुलिस उपाधीक्षक और थानाध्यक्ष को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य और मौजूद लोगों ने थानाध्यक्ष की कार्यशैली की सराहना की।शिविर में पुलिस ने बाल अपराध, महिला संबंधी



अपराधों, साइबर अपराधों से बचाव की जानकारी दी। इस दौरान गौरा एप, शक्ति एप के बारे में भी जानकारी दी। बाल अपराध, चाइल्ड हेल्पलाइन, बाल भिक्षावृत्ति, साइबर सुरक्षा, सड़क सुरक्षा, नशा मुक्ति आदि के बारे में बताते हुए ऐसे किसी प्रकार के अपराध होने पर तत्काल अपने नजदीकी पुलिस स्टेशन या 112 पर कॉल करने की जानकारी दी।वहीं थानाध्यक्ष रावत ने लोगों को बेहतर कानून व्यवस्था बनाने में सहयोग की अपील की, किसी भी प्रकार से क्षेत्र में शांति व्यवस्था बाधित होने पर टोल फ्री नम्बर 112 या पुलिस को सूचित कर मित्र पुलिस द्वारा शीघ्र सहयोग मिलने की बात कही।

## तहसील दिवस में 17 शिकायतें हुई दर्ज

बागेश्वर(उद संवाददाता)। तहसील सभागार में जिलाधिकारी अनुराधा पाल की अध्यक्षता में तहसील दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान डीएम ने लोगों की समस्याएं सुनी और अधिकारियों को समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए। बैठक में बिजली पानी सड़क जैसी मूलभूत समस्याओं के समाधान की मांग उठी, जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने सभी अधिकारियों को समय से लोगों की समस्याएं सुनकर उनका समाधान करने के निर्देश दिए। तहसील दिवस के दौरान काफलिगैर तहसील के मोहन सिंह ने कठपुडियाछीना-रैखोली- मोटर मार्ग पर समय पूर्ण होने के बाद भी विभागीय लापरवाही का आरोप लगाते हुए घटिया निर्माण कार्य और डामरीकरण पर सवाल उठाए, जिस पर डीएम ने कार्यदाई संस्था पीएमजीएसवाई को मार्च तक कार्य को गुणवत्तापूर्ण पूर्ण करने और कार्य में



गुणवत्ता में लापरवाही पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी।वही नगर के तहसील क्षेत्र में प्रमोद मेहता द्वारा पेयजल समस्या की मांग को लेकर ट्यूबबेल लगाने और पेयजल समस्या का निदान करने की मांग की, जिस पर डीएम ने लोनिवि और जल संस्थान से सामंजस्य स्थापित कर जल्द सर्वे कर नगर वासियों की पेयजल समस्या के समाधान के लिए ट्यूबबेल निर्माण के लिए स्थान चयनित कर जल्द निर्माण ट्यूबबेल निर्माण का कार्य करने के निर्देश दिए। इस दौरान तहसील दिवस में प्रभागीय वन अधिकारी हिमांशु बागरी अपर जिलाधिकारी चंद्र सिंह इमलाल, डीडीओ संगीता आर्या, तहसीलदार दीपिका आर्या,अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ हरीश पोखरिया पुलिस उपाधीक्षक शिवराज सिंह राणा,डीपीओ अनुलेखा बिष्ट, उद्यान अधिकारी आरके सिंह, आपकारी अधिकारी मीनाक्षी आर्या,ईओ सतीश कुमार,जलनिगम अभियंता वीके रवि, रमेश चंद्रा,सीएस देवड़ी, वृक्ष प्रेमी किशन सिंह मलड़ा,आदि मौजूद थे।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# पुरानी पेंशन योजना

पुरानी पेंशन योजना लागू करने का मुद्दा अब जोर पकड़ने लगा है। केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री ने संसद में बताया कि पांच राज्यों- राजस्थान, छत्तीसगढ़, झारखंड, पंजाब और हिमाचल प्रदेश- ने नई की जगह पुरानी पेंशन योजना अपनाने के अपने फैसले से केंद्र सरकार को अवगत कराया है। हालांकि इसमें केंद्र उन्हें किस प्रकार की मदद दे सकेगा, इस पर कोई फैसला नहीं हुआ है।फिर भी पुरानी पेंशन योजना लागू होने से संबंधित राज्यों के कर्मचारियों में स्वाभाविक ही उत्साह है। करीब अठारह साल पहले नई पेंशन योजना, जिसे राष्ट्रीय पेंशन योजना के नाम से जाना जाता है, लागू की गई थी। तभी से उसे बहाल करने की मांग होती रही है। इसलिए कि नई पेंशन योजना में पहले की तरह मूल वेतन और महंगाई भत्ते के आधार पर पेंशन तय नहीं होती, बल्कि नौकरी के दौरान कर्मचारी के वेतन से जो राशि काट कर जमा की जाती है, उसी में से पेंशन दी जाती है।इस तरह बहुत सारे कर्मचारियों को पांच सौ से लेकर दो हजार रुपए तक ही पेंशन मिल पाती है। न्यूनतम पेंशन की सीमा भी सभी जगह तय नहीं है। ऐसे में स्वाभाविक ही नौकरी के बाद बहुत सारे लोगों के सामने गुजर-बसर की मुश्किलें पैदा हो जाती हैं।नई पेंशन योजना में सरकार पर कोई वित्तीय बोझ नहीं पड़ता। कर्मचारियों के वेतन से जो पैसा कटता है, उसका पचासी प्रतिशत हिस्सा सरकारी प्रतिभूतियों और बाकी का पंद्रह प्रतिशत खुले बाजार यानी शेयर बाजार में निवेश कर दिया जाता है और उसी से अवकाश प्राप्ति के बाद कर्मचारियों को पेंशन का भुगतान किया जाता है। मगर कई कर्मचारियों की सेवा अवधि कम होने की वजह से यह रकम इतनी कम होती है कि उनके सामने भरण-पोषण, इलाज आदि को लेकर असुरक्षाबोध बना रहता है। कल्याणकारी सरकार की जिम्मेदारी है कि वह सेवा काल के बाद भी अपने कर्मचारियों की सामाजिक सुरक्षा का खयाल रखे। मगर नई पेंशन योजना में वह मकसद ही खत्म हो गया। इसलिए कर्मचारी पुरानी पेंशन योजना लागू करने की मांग करते रहे हैं। अच्छी बात है कि पांच राज्य सरकारों ने पुरानी पेंशन योजना को अपना लिया है। मगर इसके पीछे राजनीतिक गणित साधने का प्रयास अधिक दिखाई देता है। हालांकि इन राज्य सरकारों ने हिसाब लगा कर कहा है कि नई से पुरानी पेंशन योजना में लौटने पर उन्हें बहुत आर्थिक दबाव नहीं झेलना पड़ेगा। मगर वास्तविक धरातल पर इसे लागू करना फिलहाल आसान काम नहीं लगता। दरअसल, पेंशन राज्य सरकारों का विषय है, इसीलिए जब नई पेंशन योजना लागू हुई तो पश्चिम बंगाल सरकार ने उसे नहीं अपनाया। अब जिन राज्यों ने पुरानी योजना पर लौटने का फैसला किया है, उन्होंने इसे अपना चुनावी वादा बनाया था या उनका मकसद आने वाले चुनावों में इसे भुनाने का है। मगर तकनीकी अड़चन यह है कि नई पेंशन योजना के तहत काटा गया कर्मचारियों का अंशदान प्रतिभूतियों में लगा हुआ है और करार के तहत उसे राज्य सरकारें एक साथ वापस निकाल नहीं सकतीं। ऐसे में उन्हें पुरानी पेंशन योजना के तहत अपनी तरफ से काफी धन खर्च करना पड़ेगा। फिर, इसमें लगता नहीं कि केंद्र सरकार कोई मदद करेगी। इसलिए देखने की बात है कि राज्य सरकारें इसके लिए धन का प्रबंध कहां से और कैसे करती हैं। अगर वे इस दिशा में सफल होती हैं, तो निस्संदेह दूसरी सरकारों पर दबाव बनेगा। कर्मचारियों की सामाजिक सुरक्षा को लेकर लोगों का भरोसा भी बढ़ेगा।

# अडानी प्रकरण से जनमानस अनभिज्ञ

देश में पिछले एक पखवाड़े से अडानी या इससे पहले दुनिया-भर से सबसे तीसरे नंबर के रईसों में सुमार श्री गौतम अडानी जब अमरीका के एक हिन्डन बर्ग की एक रिपोर्ट के बाद चर्चा में आये ,तभी से उनकी सभी कंपनियों के शेयर ताश के पत्ते की तरह गिरकर अडानी की अमीरी को बीसवें पायदान से नीचे ले आये। इसमें हमारी कई संस्थाओं का पैसा भी निवेश किया गया जिसमें एल आई सी ,एस बी आई व पीएनबी मुख्य हैं। नि:संदेह यह सभी संस्थाएं यह तर्क दे रही हैं की उनका निवेश सुरक्षित है क्योंकि उनके निवेश से आज भी शेयरों की कीमत काफी अधिक है। यहां पर सवाल यह है कि क्या विगत वर्षों में उनके द्वारा इस प्रकार का निवेश किया गया था अथवा और कोई वजह है ।यहां यह बात नहीं है कि अमुक



उद्योगपति के शेयरों की गिरावट रुक गयी है, यह निरंतर जारी है व ऊंट किसी करवट वैठ सकता है। आज निवेशकों की चिंता होना भी स्वभाविक है। इस प्रकरण को लेकर आज सारा विपक्ष लोकसभा को चलने नहीं दे रहा। शेयरों के उतार चढ़ाव को लेकर सरकार की जवाब देही कहीं से कहीं तक नहीं। सरकार की जिम्मेदारी उसकी यदि कोई अनियमिता है उसपर कारवाई करने की है ,इसके लिए सेबी,सीबीआई व ईडी को निष्पक्ष रूप से जांच करनी चाहिए,जो शायद अब संभव नहीं क्योंकि जमीन अब उनके स्तर से खिसक चुकी है ।अब कार्यवाही के नाम पर शायद कुछ भी हाथ न आये व न ही वह चाहेगी ।इस पर अब पर्दा डालने की कोशिश ही की जायेगी। इसके लिए यही एजेंसियां जिम्मेदार हैं न कि सरकार। यहां पर एक बात अति महत्वपूर्ण है कि अडानी समूह ने इस रिपोर्ट को देश पर हमला बताया है। अगर यह बात सही है तो सरकार को हिन्डन बर्ग पर केस करना चाहिए पर यदि उनकी बात निराधार है तो अडानी समूह पर सरकार की कारवाई बनती है। हमें यह बात नहीं भूलनी चाहिए कि इस समूह के शेयरों पर भारी राशि विदेशी निवेशकों की लगी है जो दुनिया-भर के न्यायालयों में जरूर जायेंगे जो एक चिन्ता का सबब बन सकता है । यदि समूह की अनियमिताऐं गंभीर प्रवृत्ति की पायी जाती है तब समय रहते कारवाई करने से निवेशकों को राहत पहुंचायी जा सकती है जो जरूरी भी है । आज हमारे देश का जनमानस इस कथित घोटाले से बिल्कुल अनभिग्य है क्योंकि देश की पचास प्रतिशत अवादी के पास आज मात्र तेरह प्रतिशत संपदा है ,वह वेचारे अजादी के सत्तर साल के बाद भी पांच किलो राशन व धर्म की आढ़ में जीने तक ही सीमित हैं । विपक्ष की आज इतनी दुर्दशा हो गयी है कि वह यात्राओं तक ही सीमित हो गया जिसके चलते वह सही बात को भी नहीं मनवा पा रहा है जिसके चलते सरकार को किसी भी बात का जोखिम नहीं है। निसंदेह यह प्रकरण बहुत ही संवेदनशील है व सरकार की जिम्मेवारी बनती है कि वह इस पर गहनता से जांच करवाऐ व देशहित में दूध का दूध व पानी का पानी देशहित में सबके सामने लाऐ।

**-मनमोहन सिंह,पूर्व बैंक प्रबंधक एवं समाजसेवी,रुद्रपुर**

# भूकंप से दहले तुर्की और सीरिया

तुर्की और सीरिया में सोमवार को आए तीन षक्तिषाली भूकंपों ने ढाई हजार से ज्यादा लोगों को धरती के गर्भ में मौत की नींद सुला दिया। अभी भी आठ हजार से ज्यादा लोग भूकंप के झटकों से तबाह हुए घरों के मलबों में कराह रहे हैं। भूकंप आने का सिलसिला 6 फरवरी 2023 को सुबह सवा चार बजे से ष्याम चार बजे तक चलता रहा। पहला भूकंप 7.8 तीव्रता का, दूसरा दोपहर 12 बजे 7.5 तीव्रता का और तीसरा चार बजे 6 की तीव्रता से आया। भूकंप का केंद्र तुर्की का षहर गाजियानटेप था, जो सीरिया से 90 किमी की दूरी पर है। तुर्की में 6034 और सीरिया में 2002 लोगों की मौत की पुश्टि हो चुकी है। इसके झटके लेबनान और इजरायल में भी अनुभव किए गए। तुर्की में जब भूकंप का बड़ा झटका लगा था, तब लोग गहरी नींद में थे। यहां का एक मात्र हवाई अड्डा तबाह हो गया है। इसका राहत सामग्री पहुंचाने के लिए भी इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। मालट्या की 1663 में बनी ऐतिहासिक येनी मस्जिद मलबे में समा गई है। 1939 के बाद तुर्की में इतनी तीव्रता का भूकंप 84 साल बाद आया है। इसमें 30,000 मौतें हुई थीं। भारत के विरोध में तुर्की राम-मंदिर के निर्माण को लेकर अनर्गल प्रलाप करता रहा है। बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस प्राकृतिक आपदा के संकट से उबरने के लिए षीघ्र राहत सामग्री, एनडीआरएफ और और चिकित्सा दल भेजने का ऐलान कर दिया है। आर्थिक संकट से जूझ रहे तुर्की में मृतकों की संख्या 10,000 तक जा सकती है। अमेरिका ने इस भूकंप से होने वाले नुकसान का अनुमान 8287 करोड़ रुपए लगाया है।हालांकि भूकंप की चेतावनी संबंधी प्रणालियां अनेक देषों में संचालित हैं लेकिन वह भू-गर्भ में हो रही दानवी हलचलों की सटीक जानकारी समय पूर्व देने में लगभग असमर्थ हैं। क्योंकि प्राकृतिक आपदाओं की जानकारी देने वाले देषों अमेरिका, जापान, भारत, नेपाल, चीन और अन्य देषों में भूकंप आते ही रहते हैं। इसलिए यहां लाख टके का सवाल उठता है कि चांद और मंगल जैसे ग्रहों पर मानव बस्तियां बसाने का सपना और पाताल की गहराइयों को नाप लेने का दावा करने वाले वैज्ञानिक आखिर पृथ्वी के नीचे उत्पात मचा रही हलचलों की जानकारी प्राप्त करने में क्यों नाकाम हैं ? जबकि वैज्ञानिक इस दिषा में लंबे समय से कार्यरत हैं। अमेरिका ने तो अंतरिक्ष में ऐसा उपग्रह भी तैनात कर दिया है, जो संभावित भूकंप आने की चेतावनी देने के लिए ही क्रियाशील है। दरअसल दुनिया के नामचीन विषेशज्ञों व पर्यावरणविदों की मानें तो सभी भूकंप प्राकृतिक नहीं होते, बल्कि उन्हें विकराल बनाने में मानवीय हस्तक्षेप षामिल है। प्राकृतिक संसाधनों के अकूत दोहन से छोटे स्तर के भूकंपों की पृश्ठभूमि तैयार हो रही है। भविश्य में इन्हीं भूकंपों की व्यापकता और विकरालता बढ़ जाती है। यही कारण है कि भूकंपों की आवृत्ति बढ़ रही है। पहले



13 सालों में एक बार भूकंप आने की आषंका बनी रहती थी, लेकिन अब यह घटकर 4 साल हो गई है। अमेरिका में 1973 से 2008 के बीच प्रति वर्श औसतन 21 भूकंप आए, वहीं 2009 से 2013 के बीच यह संख्या बढ़कर 99 प्रति वर्श हो गई। यही नहीं आए भूकंपों का वैज्ञानिक आकलन करने से यह भी पता चला है कि भूकंपीय विस्फोट में जो ऊर्जा निकलती है, उसकी मात्रा भी पहले की तुलना में ज्यादा षक्तिषाली हुई है। 25 अप्रैल 2015 को नेपाल में जो भूकंप आया था, उनसे 20 थर्मोन्यूक्लियर हाइड्रोजन बमों के बराबर ऊर्जा निकली थी। यहां हुआ प्रत्येक विस्फोट हिरोषिमा-नागाषाकी में गिराए गए परमाणु बमों से भी कई गुना ज्यादा ताकतवर था। जापान और फिर क्वोटो में आए सिलसिलेवार भूकंपों से पता चला है कि धरती के गर्भ में अंगड़ाई ले रही भूकंपीय हलचलें महानगरीय आधुनिक विकास और आबादी के लिए अधिक खतरनाक साबित हो रही हैं। ये हलचलें भारत, पाकिस्तान, चीन और बांग्लादेष की धरती के नीचे भी अंगड़ाई ले रही हैं। इसलिए इन देषों के महानगर भी भूकंप के मुहाने पर खड़े हैं। भूकंप आना कोई नई बात नहीं है। पूरी दुनिया इस अभिषाप को झेलने के लिए जब-तब विवष होती रही है। बावजूद हैरानी इस बात पर है कि विज्ञान की आष्चर्यजनक तरक्की के बाद भी वैज्ञानिक आज तक ऐसी तकनीक ईजाद करने में असफल रहे हैं, जिससे भूकंप की जानकारी आने से पहले मिल जाए। भूकंप के लिए जरूरी ऊर्जा के एकत्रित होने की प्रक्रिया को धरती की विभिन्न परतों के आपस में टकराने के सिद्धांत से आसानी से समझा जा सकता है। ऐसी वैज्ञानिक मान्यता है कि करीब साढ़े पांच करोड़ साल पहले भारत और आस्ट्रेलिया को जोड़ रखने वाली भूगर्भीय परतें एक-दूसरे से अलग हो गईं और वे यूरेषिया परत से जा टकराईं। इस टक्कर के फलस्वरूप हिमालय पर्वतमाला अस्तित्व में आई और धरती की विभिन्न परतों के बीच वर्तमान में मौजूद दरारें बनीं। हिमालय पर्वत उस स्थल पर अब तक अटल खड़ा है, जहां पृथ्वी की दो अलग-अलग परतें परस्पर टकराकर एक-दूसरे के भीतर घुस गई थीं। परतों के टकराव की इस प्रक्रिया की वजह से हिमालय और उसके प्रायद्वीपीय क्षेत्र में भूकंप आते रहते हैं। इसी प्रायद्वीप में ज्यादातर एषियाई देष बसे हुए हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि रासायनिक क्रियाओं के कारण भी भूकंप आते हैं। भूकंपों की उत्पत्ति धरती की सतह से 30 से 100 किमी भीतर होती है। इससे यह वैज्ञानिक धारणा भी बदल रही है कि भूकंप की विनाषकारी तरंगें जमीन से कम से कम 30 किमी नीचे से चलती हैं। ये तरंगे जितनी कम गहराई से उठेगी, उतनी तबाही भी ज्यादा होगी और भूकंप का प्रभाव भी कहीं अधिक बड़े क्षेत्र में दिखाई देगा। लगता है अब कम गहराई के भूकंपों का दौर चल पड़ा है। मैक्सिको में सितंबर 2017 में आया भूकंप धरती की सतह से महज 40 किमी नीचे से उठा था। इसलिए इसने भयंकर तबाही का ताडंव रचा था। दरअसल सतह के नीचे धरती की परत ठंडी होने व कम दबाव के कारण कमजोर पड़ जाती है। ऐसी स्थिति में जब चट्टानें दरकती हैं तो भूकंप आता है। कुछ भूकंप धरती की सतह से 100 से 650 किमी के नीचे से भी आते हैं, लेकिन तीव्रता धरती की सतह पर आते-आते कम हो जाती है, इसलिए बड़े रूप में त्रासदी नहीं झेलनी पड़ती। दरअसल इतनी गहराई में धरती इतनी गर्म होती है कि एक तरह से वह द्रव रूप में बदल जाती है। इसलिए इसके झटकों का असर धरती पर कम ही दिखाई देता है। बावजूद इन भूकंपों से ऊर्जा बड़ी मात्रा में निकलती है। धरती की इतनी गहराई से प्रगट हुआ सबसे बड़ा भूकंप 1994 में बोलिविया में रिकॉर्ड किया गया है। पृथ्वी की सतह से 600 किमी भीतर दर्ज इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 8.3 मापी गई थी। इसीलिए यह मान्यता बनी है कि इतनी गहराई से चले भूकंप धरती पर तबाही मचाने में कामयाब नहीं हो सकते हैं, क्योंकि चट्टानें तरल द्रव्य के रूप में बदल जाती हैं। प्राकृतिक आपदाएं अब व्यापक व विनाषकारी साबित हो रही हैं, क्योंकि धरती के बढ़ते तापमान के कारण वायुमंडल भी परिवर्तित हो रहा है। अमेरिका व ब्रिटेन समेत यूरोपीय देषों में दो षताब्दियों के भीतर बेतहाषा अमीरी बढ़ी है। औद्योगिकीकरण और षहरीकरण इसी अमीरी की उपज है। यह कथित विकासवादी अवधारणा कुछ और नहीं, प्राकृतिक संपदा का अंधाधुंध दोहन कर, पृथ्वी को खोखला करने के ऐसे उपाय हैं, जो ब्रह्माण्ड में फैले अवयवों में असंतुलन बढ़ा रहे हैं। इस विकास के लिए पानी, गैस, खनिज, इस्पात, ईंधन और लकड़ी जरूरी हैं। नतीजतन जो कॉर्बन गैसें बेहद न्यूनतम मात्रा में बनती थीं, वे अब अधिकतम मात्रा में बनने लगी हैं। न्यूनतम मात्रा में बनी गैसों का षोशण और समायोजन भी प्राकृतिक रूप से हो जाता था, किंतु अब वनों का विनाष कर दिए जाने के कारण ऐसा नहीं हो पा रहा है, जिसकी वजह से वायुमंडल में इकतरफा दबाव बढ़ रहा है। इस कारण धरती पर पड़ने वाली सूरज की गर्मी प्रत्यावर्तित होने की बजाय, धरती में ही समाने लगी है। गोया, धरती का तापमान बढ़ने लगा, जो जलवायु परिवर्तन का कारण तो बना ही, प्राकृतिक आपदाओं का कारण भी बन रहा है। ऐसे में सिमेंट, लोहा और कंक्रीट के भवन जब गिरते हैं, तो मानव त्रासदी ज्यादा होती है।

**-प्रमोद भार्गव,लेखक वरिष्ठ साहित्यकार और पत्रकार हैं।**

# गरुड़ में भाजपा की जिला कार्य समिति संपन्न

## कार्यकर्ताओं की समस्याओं का प्रमुखता से होगा समाधान:बहुगुणा

गरुड़ (उद संवाददाता)।भाजपा जिला कार्यसमिति की दो दिवसीय बैठक गरुड़ में आयोजित हुई।वही दूसरे दिन 2024 के चुनावी मिशन को फतह करने के संकल्प के साथ संपन्न हो गई रहा है,जनता और कार्यकर्ताओं की समस्याओं को संज्ञान में आने पर उसका समाधान किया जाएगा।विकास में हम सब की बराबर जिम्मेदारी कहकर कार्यकर्ताओ में जोश भर दिया,उन्होंने ऐतिहासिक विकास कार्य किए हैं। उन्होंने सरकार की योजनाओं व नीतियों की जानकारी देते हुए कार्यकर्ताओं से अभी से मिशन 2024 में जुट जाने को कहा। प्रदेश महामंत्री संचालन महामंत्री संजय परिहार, घनश्याम जोशी ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष बलवंत सिंह भौर्याल, जिला प्रभारी वीरेंद्र बल्दीया, जिपंअध्यक्ष बसंती देव, ब्लाक प्रमुख हेमा





है। जिला प्रभारी मंत्री व प्रदेश के पशुपालन मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि कार्यकर्ता केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाएं। उन्होंने कई उदाहरण देकर कार्यकर्ताओं में जोश भरा।प्रभारी मंत्री ने कहा कि सरकार जनता के द्वार से आमजन की मूलभूत समस्याओं का निदान किया जा कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद किया, उनकी समस्याएं भी सुनी।सबका साथ सबका विकास की नीति पर सरकार अंतिम छोर में बैठे लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ देगी। टीटबाजार के एक सभागार पर आयोजित बैठक में कैबिनेट मंत्री बहुगुणा ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार ने अनेक आदित्य कोठारी ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। इसलिए भाजपा का कार्यकर्ता गर्व महसूस करता है। कपकोट के युवा विधायक सुरेश गढ़िया ने अमृतकाल बजट 2023 को मोदी सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि बताया। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष इंद्र सिंह बिष्ट और बिष्ट, गोविंद दानू, जिपंस जनार्दन लोहुमी, मंगल राणा, महेश खेतवाल, गोविन्द सिंह टँगड़िया,आनंद धपोला,खड़क दफौटी, खड़क सिंह, डा़ राजेन्द्र परिहार, गिरीश परिहार,हरीश रावत, रमेश जोशी, इंद्र सिंह बिष्ट, देवेंद्र गोस्वामी, ठाकुर मेहरा, महेश बिष्ट ठाकुर समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# वनाग्नि रोकने के लिए ग्राम पंचायतें भी करेंगी सहयोग

## सभी ग्राम प्रधानों, सदस्यों, युवा मंगल दलो व आपदा मित्रों को प्रशिक्षित किया जाए : डीएम

बागेश्वर(उद संवाददाता)।जिला स्तरीय वनाग्नि सुरक्षा समिति की बैठक तहसील सभागार में संपन्न हुई।जिलाधिकारी अनुराधा पाल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में अग्नि सुरक्षा योजना के उद्देश्य, दावाग्नि के प्रकार तथा कारण, वन अग्नि दुर्घटना के दुष्परिणाम एवं नियंत्रण के उपाय सहित वनाग्नि काल 2023 की चुनौतियों को लेकर आवश्यक चर्चा की गई।अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि दावाग्नि के दौरान सर्वप्रथम रेस्पोंडेंट ग्रामीण होते है, ऐसे में विभाग वनाग्नि से बचाव व रोकथाम हेतु लोंगो को जागरूक करें। आम आदमी क्षेत्र में लगने वाली वनाग्नि की सूचना वन विभाग या कंट्रोल रूम को समय से पहुँचा सके, इसके लिए अति संवेदनशील स्थलों पर वन विभाग एवं कंट्रोल रूम के नम्बरों का प्रचार प्रसार किया जाय। जिलाधिकारी ने कहा कि वनाग्नि को राकने के लिए जनसहभागिता अधिक हो, इसके लिए सभी ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधनों,सदस्यों,युवा मंगल दलो व आपदा मित्रों को प्रशिक्षित किया जाए। जंगलों में आग वालों के खिलाफ एफआईआर



दर्ज की जाए। क्रू स्टेशनों का रखरखाव उचित ढंग से हो तथा कंट्रोल रूम में वनाग्नि की सूचना समय से आए इसके लिए संबंधितों को हमेशा सर्तक रहने के निर्देश दिए जाय। जिलाधिकारी ने कहा कि वनाग्नि के कारण किसी भी प्रकार की जन हानि या अन्य प्रकार का नुकसान न हो यह हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए, इसलिए सब डिविजन स्तर पर इसकी बैठके आयोजित कर माइक्रो प्लांन तैयार किया जाय तथा राजस्व उपनिरीक्षको के माध्यम से ग्राम समितियो को भी सक्रिय करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि वनाग्नि की घटनाओं को कम करने के लिए स्कूली छात्र-छात्राओं के साथ ही जनप्रतिनिधियों को भी इसमें सम्मिलित किया, तथा ग्राम पंचायत स्तर पर गोष्ठियों आयोजित कर अधिक से अधिक लोगो को जागरूक किया जाय। जिलाधिकारी ने परिवहन विभाग को वाहनों में अग्नि से वनों की सुरक्षा संबंधित स्लोगन तथा यात्रियों से जलती दिया सलाई व अन्य ज्वलनशील पदार्थ न फेंकने हेतु निवेदन कर उनका सहयोग लेने का प्रयास करने हेतु निर्देशित करते हुए शादी-विवाह व अन्य अवसरों पर रात्रि में पटाखों का उपयोग न करने को जागरूक करने को कहा। जिलाधिकारी ने सडक महकमे के अधिकारियों को मोटर मार्गो के डामरीकरण का कार्य करने पर पूर्ण सावधानी बरतने तथा डामरीकरण उपरांत जलती आग न छोडे जाने को सख्त निर्देश दिए।बैठक के दौरान प्रभागीय वनाधिकारी हिमांशु बागरी ने अग्नि सुरक्षा योजना के उद्देश्य के तहत जनपद के अंतर्गत समस्त आरक्षित, पंचायती व सिविल वन क्षेत्रों में अग्नि सुरक्षा के लिए अग्नि निवारक तथा अग्नि नियंत्रण के उपाय, वनाग्नि के दुष्परिणामों के प्रति जन-जागरुकता व गोष्ठियों के माध्यम से स्थानीय निवासियों की सहभागिता, अग्नि दुर्घटनाओं के लिए दोषियों को दंडित करने सहित दावाग्नि से वन एवं वन्य जंतुओं की सुरक्षा कर पर्यावरण संतुलन महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान समिति के सदस्यों ने भी दावाग्नि रोकने के अपने-अपने सुझाव रखे।बैठक में अपर जिलाधिकारी चन्द्र सिंह इमलाल, जिला विकास अधिकारी संगीता आर्या, पुलिस उपाधीक्षक एसएस राणा, मुख्य शिक्षा अधिकारी जीएस सोन, जिला उद्यान अधिकारी आरके सिंह, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा हरीश पोखरिया, तहसीलदार दीपिका आर्या, वृक्षप्रेमी किशन सिंह मलडा,वन क्षेत्राधिकारी श्याम सिंह करायत, सहित वन क्षेत्राधिकारी, वन पंचायत सरपंच व अनेक अधिकारी मौजूद थे।

## वनाग्नि को रोकने के लिए व्यवस्थायें पूर्ण करने के निर्देश

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। वनाग्नि प्रबंधन योजना की बैठक कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी वंदना की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस दौरान जिलाधिकारी ने फायर सीजन में विभागों का आपसी कम्युनिकेशन सही रखने, वनाग्नि की घटनाओं को कम करने तथा आग बुझाने के लिए पर्याप्त तैयारियां करने के निर्देश दिए। इस बैठक में आगामी फायर सीजन में वनाग्नि की घटनाओं को रोकने एवं उनके प्रबंधन को लेकर चर्चा हुई। इस दौरान जिलाधिकारी ने संबंधितों को कहा कि पिछले वर्ष में हुई वनाग्नि की घटनाओं का आंकलन करें तथा जिन क्षेत्रों में अधिक घटनाएं हुई है वहां विशेष सतर्कता बरतें साथ ही इन क्षेत्रों की सूची तैयार कर सूची को सभी उपजिलाधिकारियों के साथ साझा करें। साथ ही उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में स्वयं सहायता समूह तथा अन्य स्वैच्छिक संगठनों को वनाग्नि पर काबू पाने के लिए उनकी ट्रेनिंग कराई जाए। इस संबंध में जिलाधिकारी ने परियोजना निदेशक को निर्देश दिए कि वन विभाग से समन्वय करते हुए ऐसे क्षेत्रों की सूची प्राप्त करें जहां आग की अधिक घटनाएं घटती हों तथा उन क्षेत्रों में स्वयं सहायता समूहों की लिस्ट बनाई जाए जिनको ट्रेनिंग दी जानी है। जिलाधिकारी ने आग की घटनाओं पर रोकथाम के लिए लोगों को जागरूक करने तथा ग्रामीण स्तर पर आवश्यक बैठकें करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी सिविल सोयम प्रभाग ध्रुव सिंह मर्तोलिया समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।




## तहसील दिवस में 35 शिकायतें हुई दर्ज

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। शासन से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में जन समस्याओं के त्वरित व गुणवत्ता पूर्ण समाधान के क्रम में जनपद अल्मोड़ा के सुदूरवर्ती तहसील स्याल्दे के राजकीय इण्टर कालेज सराईखेत में अपर जिलाधिकारी चन्द्र सिंह मर्तोलिया की अध्यक्षता में तहसील दिवस का आयोजन किया गया। इस तहसील दिवस में विभिन्न विभागों की लगभग 35 शिकायतें फरियादियों द्वारा दर्ज करायी गयी। सभी शिकायतों को अपर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों के सम्मुख रखते हुए निस्तारण करने के निर्देश दिये।अपर जिलाधिकारी ने सभी कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों को निर्देश दिये कि उनके विभाग से सम्बन्धित क्षेत्र में जो भी विकास कार्य किये जा रहे है उनके स्थलीय निरीक्षण के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों को अवश्य रूप से सूचित किया जाय। इस तहसील दिवस में अधिकांश शिकायतें पेयजल, समाज कल्याण, सड़क, शिक्षा, कृषि, पशुपालन, बाल विकास, स्वास्थ्य, राजस्व आदि विभागों की रही। अधिकांश शिकायतों का निस्तारण सम्बन्धित विभागों द्वारा किया गया। इस अवसर पर पंचायती राज विभाग द्वारा 11 परिवार रजिस्टर, 11 पेंशन पत्र, 12 राशनकार्ड, कृषि विभाग द्वारा प्रधानमंत्री सम्मान योजना से सम्बन्धित 27 आवेदन का निस्तारण, पूर्ति विभाग द्वारा 07 समस्याओं का निस्तारण, ग्राम्य विकास विभाग द्वारा 05 बीपीएल, 10 ई0सी0सी0 प्रमाण पत्र निर्गत किये गये। पीएमजीएसवाई द्वारा 02 शिकायतों का निस्तारण किया गया। उद्यान विभाग द्वारा 10 लोगों को बीज का वितरण व विभागीय योजनाओं की



जानकारी दी। बाल विकास विभाग द्वारा 01 मातृ वन्दना फार्म व 01 नन्दा गौरा फार्म प्राप्त हुए। पशुपालन विभाग द्वारा 37 पशुपालकों को दवा वितरित किया गया एवं 25 लोगों को आधार कार्ड बनाये गये।इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख स्याल्दे करिश्मा टम्टा, विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र सिंह नेगी, जिला पंचायत सदस्य दर्शन राम आर्य, सामाजिक कार्यकर्ता सुनील टम्टा, उप जिलाधिकारी सल्ट गौरव पाण्डे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।


### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना पुराना नाम पासपोर्ट में BALBIR CHANDER से बदलकर नया नाम BALVEER CHAND पुत्र GURDAS RAM कर लिया है। मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

वर्तमान पता-ग्राम रजपुरा झगड़पुरी गदरपुर,उधम सिंह नगर,उत्तराखंड


## बाइक सवार ने सफाई कर्मी को किया लहूलूहान

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। संकरी गली में कूड़ा गाड़ी फंसने के बाद एक बाइक सवार ने सफाई कर्मी से गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। विवाद में पत्थर से हमला करके लहूलुहान भी कर दिया। इलाज के लिए सफाई कर्मी को एसटीएच में भर्ती कराया गया है। वहीं कोतवाली पुलिस ने अज्ञात बाइक सवार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरु की है। जेल रोड स्थित फॉरेस्ट कंपाउंड निवासी मोहित रावत नें पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मंगलवार की शाम वे कूड़ा गाड़ी लेकर जा रहे थे। हिल टाउन वाली गली संकरी होने की वजह से वहां गाड़ी फंस गई। इस पर सामने से आ रहे एक बाइक सवार ने उनसे गाली-गलौज शुरु कर दी।मामला मारपीट तक पहुंचा और बाइक सवार ने पत्थर से हमला कर दिया। पत्थर सिर में लगने की वजह से मोहित लहूलुहान हो गए। तत्काल उन्हें बेस अस्पताल ले जाया गया जहां से सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती कर दिया गया। वहां उनके सिर में टांके आए हैं। वहीं वर्तमान में उनका इलाज एसटीएच में चल रहा है। सफाई कर्मी की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर अज्ञात बाइक सवार की तलाश शुरू कर दी है।

## पेज एक का शेष...

**आरबीआई ने ..**सीपीआई के 5% रहने का अनुमान जताया है। महंगाई पर बोलते हुए आरबीआई गवर्नर ने कहा कि एफवाई 23 में महंगाई दर 6.7 फीसदी से घटकर 6.5 फीसदी रह सकती है। एफवाई 24 में रियल जीडीपी ग्रोथ 6.4 फीसदी हो सकती है। एफवाई 24 की पहली तिमाही में जीडीपी ग्रोथ 7.1 प्रतिशत से रहकर 7.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है। आरबीआई गवर्नर की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार केंद्रीय बैंक के मौद्रिक पॉलिसी समिति के छह में से चार सदस्य रेपो रेट बढ़ाने के पक्ष में रहे। पॉलिसी का एलान करते हुए आरबीआई गवर्नर ने कहा है कि महंगाई में नरमी आई है और इसके प्रभावों पर आरबीआई के एमपीसी की नजर बनी हुई है। गवर्नर दास ने कहा कि पिछले वर्षों की अभूतपूर्व घटनाओं ने मौद्रिक नीति का परीक्षण करते रहने की जरूरत महसूस कराई है। उन्होंने कहा कि यह देखते हुए, हाल के महीनों में आरबीआई ने मुद्रास्फीति को कितनी अच्छी तरह नियंत्रित किया है, अनुमान है कि यह जल्द ही यह टॉलरेंस बैंड के भीतर होगी। कराधान के मोर्चे पर हाल के सुधारों के माध्यम से ऐसा लगता है कि सरकार ने भारत की अर्थव्यवस्था को बचत पर केंद्रित अर्थव्यवस्था से उपभोग पर आधारित अर्थव्यवस्था में स्थानांतरित करने के लिए नियमों को बदल दिया है। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने उम्मीद जताई कि शायद यह रेपो दरों में आखिरी बढ़ोतरी हो। उन्होंने कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि अगले महीनों में ब्याज दरों में बढ़ोतरी रुक जाएगी, इसके बाद अगले साल से दरों में उलटफेर शुरू हो जाएगा।

**खरगे के बयान..**खरगे ने आगे कहा, अनुसूचित जाति को तो हम हिंदू समझते हैं ना, तब उन्हें मंदिर जाने से क्यों रोकते हैं अगर समझते हैं तो उन्हें बराबरी का स्थान क्यों नहीं देते। कई मंत्री दिखावे के लिए उनके घर जाकर खाना खाते हैं और तस्वीर खींचवा कर बताते हैं कि हमने उनके घर खाना खाया है।

**राष्ट्रीय स्तर पर ..**मुख्यमंत्री से व्यक्तिगत रूप से वार्ता करेंगे। संभाग प्रमुख कुलवीर सिंह ने बताया कि रजत पदक विजेता खिलाड़ी को पांच हजार व कांस्य पदक विजेता को तीन हजार रुपए का चेक, प्रमाणपत्र दिया गया। साथ ही कबड्डी की उपविजेता टीम को चौबीस हजार रुपए की धनराशि का चेक प्रदान किया गया। खिलाड़ियों को समाजसेवी रोहिताश बत्रा, विहिप के प्रदेश अध्यक्ष रवि आनंद, एकल अभियान अध्यक्ष हरीश बजाज, एकल अभियान केंद्रीय महामंत्री वरिष्ठ प्रचारक स्नेहपाल, संस्कार भारती नगर अध्यक्ष कुशल अग्रवाल, महामंत्री शैली बंसल,विहिप केंद्रीय संगठन मंत्री अजय व अरविंद आदि ने टीम के सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर संभाग कार्यालय प्रभारी भास्कर दास, हेमंत, झमन लाल शर्मा प्रभार रथ प्रभारी, नीता नारंग, पूजा गोस्वामी, फाल्गुनी, पूजा महर, रामेश्वरी राणा, सोनू , नवजोत सिंह रेडर, गुरदीप सिंह, पंकज बिष्ट कैप्टन ,भास्कर, ऋषभ गिरी, कुलदीप सिंह, यश, प्रिंस आदि भी मौजूद थे।

**गांजे के साथ..**स्थित यात्री प्रतीक्षालय के समीप संदिग्ध हालत में खड़े एक शख्स को पुलिस ने दबोच लिया। पुलिस की कड़ी पूछताछ में पकड़े गए युवक ने अपना नाम गौतमी हाइट्स के पीछे मोहल्ला केशव पुरम थाना आईटीआई निवासी रमेश कुमार पुत्र दयाराम बताया। पुलिस की सख्ती करने पर पकड़े गए युवक ने बताया कि वह पर्वतीय इलाकों से गांजा लाकर यहां आसपास के क्षेत्रों में खुदरा सप्लाई करता है। जरूरी जानकारी जुटाने के बाद पकड़े गए नशा कारोबारी का पुलिस द्वारा संबंधित धाराओं में चालान कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया गया।

**लाखों की स्मैक...**ओझा बदायूं से स्मैक लेकर आया था। जिसके बाद वह हल्द्वानी आ गया। हल्द्वानी से हव टैम्पों में हाइडिल की ओर आ गया। उसने बताया कि वह अंधेरा होते ही पहाड़ की ओर जाने की तैयारी में था, लेकिन उससे पहले पुलिस ने उसे पकड़ लिया। उसके पास से पुलिस ने 105 ग्राम स्मैक और एक तराजू किया। पुलिस उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेजने की तैयारी कर रही है।

**आईटीबीपी के...**कराया। जहां उसका इलाज चल रहा है। डिप्टी कमांडेंट आईटीबीपी विपिन मिश्रा की तहरीर पर वसंत विहार थाने में सिद्धीराम के खिलाफ आत्महत्या का प्रयास करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

**कार बेचने के..**अब उक्त व्यक्ति कार भी नहीं दे रहा है और रुपये मांगने पर धमका भी रहा है। पुलिस ने धोखाधड़ी और आईटी एक्ट में केस दर्ज कर लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पूर्व विधायक प्रेम सिंह राणा की माता का निधन

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व विधायक डॉ प्रेम सिंह राणा की माता जैनवती का निधन हो गया है। वह लंबे समय से बीमार चल रही थी। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड गयी। उनके पैतृक गांव सरोजा में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर शोक संवेदना प्रकट की। पूर्व विधायक डॉ प्रेम सिंह राणा की माता के निधन के पश्चात उनकी इच्छानुसार आंखें दान की गयी। सीएल गुप्ता आई बैंक वेलफेयर सोसायटी को नेत्रदान कराया गया। बाद में सरोजा गांव में स्थित श्मशान घाट पर उनका गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। विधायक की माता के निधन पर शोक व्यक्त करने वालों में धार्मिक डेरा कार सेवा के बाबा तरसेम सिंह, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत, सांसद अजय भट्ट, जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, गुरुद्वारा प्रबंधक रंजीत सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रेम सिंह टुरना, किसान आयोग के उपाध्यक्ष राजपाल सिंह, प्रदेश मंत्री तरनजीत सिंह रानू, उमेश अग्रवाल, राजन चौहान, गौरव वर्मा प्रमोद अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, विक्की गुलाटी, भास्कर संभल, पुष्पेंद्र राणा आदि शामिल है।

## कल अल्मोड़ा में समीक्षा बैठक लेंगे कमिश्नर

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)।मुख्य वैयक्तिक अधिकारी, आयुक्त हरेन्द्र सिंह गैड़ा ने बताया कि आयुक्त कुमाऊँ मण्डल दीपक रावत 9 फरवरी, 2023 को विकास भवन अल्मोड़ा सभागार में जनपद अल्मोड़ा में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा करने के साथ ही 5.00 करोड़ से ऊपर की योजनायें, वन भूमि से सम्बन्धित प्रस्ताव जो जिला स्तर पर लम्बित है, गत 04-05 वर्षों में हुई सड़क दुर्घटनाएं, जल जीवन मिशन, पी0एम0जी0एस0वाई0, जिला योजना, राज्य योजना, जेड0ए0 की धारा 167 के अन्तर्गत दर्ज मामलों की भी समीक्षा करेंगे। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को पूर्ण तैयारी सहित स्वयं प्रतिभाग करने को कहा है।


संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# किसानों को सिखाए जाएंगे प्राकृतिक खेती के गुर

## केंद्र सरकार का बजट ऐतिहासिक और जनकल्याणकारी : गणेश जोशी

बाजपुर( उद संवाददाता)। प्रदेश के कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी मंगलावर को ऊधम सिंह नगर प्रवास के दौरान मंत्री जोशी ने बाजपुर स्थित सिंचाई विभाग के गेस्ट हाउस में बजट 2023-24 को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। पत्रकारों को संबोधित करते हुए मंत्री जोशी ने भारत सरकार के इस बजट को ऐतिहासिक और जनकल्याणकारी बजट बताया। मंत्री जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में अब तक देश में अनेकों विकास कार्य हुए हैं। उन्होंने कहा प्रति व्यक्ति आय करीब 9 वर्षों में दोगुनी होकर 1.97 लाख रुपये हो गई है। भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार बढ़ा है और यह पिछले 9 साल में विश्व की 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यस्था बन गई है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन में सदस्यों की संख्या दोगुनी से अधिक होकर 27 करोड़ तक पहुंच गई है। वर्ष 2022 में यूपीआई के माध्यम से 126 लाख करोड़ रुपये के 7,400 करोड़ डिजिटल भुगतान किए गए हैं। मंत्री जोशी ने कहा पीएम सम्मान किसान निधि के तहत 11.4 करोड़ किसानों को 2.2 लाख करोड़ रुपये का नकद हस्तांतरण किया गया। मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि अमृत काल के इस बजट में तीन साल में देश के 1 करोड़ किसानों को प्राकृतिक खेती के गुर सिखाए जाएंगे। कृषि स्टार्टअप के लिए सरकार डिजिटल एक्सीलेटर फंड कृषि निधि बनाया जाएगा। इसी प्रकार कृषि क्षेत्र के लिए कर्ज के लक्ष्य को बढ़ाकर 20 लाख करोड़ रुपये किया जाएगा। गोबर धन स्कीम के तहत घ10,000 ब्त खर्च किये जायेंगे इसी प्रकार माइक्रो फर्टिलाइजर की उपलब्धता बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा ।रासायनिक खाद के संतुलित उपयोग को बढ़ावा देने के लिए पीएम प्रणाम योजना की शुरुआत होगी। मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए इंस्टीट्यूट्स ऑफ मिलेट्स बनेगा देश में 10 हजार बायो इनपुट रिसर्च सेंटर स्थापित होंगे। मंत्री गणेश जोशी ने कहा इस साल के बजट में देवभूमि उत्तराखंड को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से सौगात मिली है। उन्होंने कहा 2023-24 के लिए रेलवे को 5004 करोड़ के बजट का प्राविधान किया गया है। मंत्री जोशी ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के इस प्रयास से उत्तराखंड आत्मनिर्भर और सशक्त बनने की ओर प्रगतिशील हो रहा है। उन्होंने कहा यह एक विकासोन्मुखी बजट है, इससे कुछ ही वर्षों के भीतर भारत को 5 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य को हासिल करने में मदद मिलेगी। मंत्री जोशी ने देश के विकास और कौशल के लिए उठाए गए कदम के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं वित् मंत्री निर्मला सीतारामन जी का आभार व्यक्त किया। गणेश जोशी ने कहा समावेशी विकास, वंचितों को वरीयता, बुनियादी ढांचे और निवेश, क्षमता विस्तार हरित विकास, युवा शक्ति, और वित्तीय क्षेत्र को समर्पित ये बजट, अमृत काल के विजन को साफ तौर पर बताता है। इस बजट के जरिए देश का हर एक वर्ग आगे बढ़ेगा। साथ ही इस बार का बजट श्सबका साथ सबका विकासश के मंत्र पर पेश किया गया है। मंत्री जोशी ने कहा बजट से प्रदेश के राजस्व में ढाई हजार करोड़ रुपए का इजाफा हुआ है। निश्चित ही यह समावेशी बजट आधुनिक भारत के नव निर्माण में अहम भूमिका निभाएगा। पत्रकार वार्ता से पूर्व बाजपुर पहुंचने पर पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने मंत्री जोशी का भव्य स्वागत भी किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा, जिला प्रभारी सुरेश भट्ट, प्रदेश कार्यकारणी सद्स्य राजेश कुमार, महामंत्री सुरेश बिष्ट, महिला मोर्चा अध्यक्ष उमा जोशी सहित कई लोग उपस्थित रहे।





# 39 गांवों की चकबन्दी प्रक्रिया पूर्ण कराने के निर्देश

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। राजस्व आयुक्त एवं सचिव चकबन्दी चन्द्रेश कुमार यादव ने जिला कार्यालय पहुँचकर चकबन्दी कार्यालय का निरीक्षण किया तथा सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक की।उन्होंने बन्दोबस्त अधिकारियों को निर्देश दिये कि जो भी गांव बन्दोबस्ती में हैं, उनका पूरा विवरण, वर्षवार उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। बन्दोबस्ती के सरलीकरण के सम्बन्ध में प्रस्ताव भेजने से पहले प्रस्ताव पर जिलाधिकारी से अनिवार्य रूप से चर्चा करने के बाद ही प्रेषित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने राजस्व से सम्बन्धित वादो को नियमित रूप से सुनवाई करते हुए शीघ्रता से निस्तारण करने के निर्देश दिये। उन्होंने चकबन्दी प्रक्रिया पूरी न होने वाले सभी 39 गांवों की चकबन्दी प्रक्रिया पूर्ण कराने हेतु महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिये।जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त ने बताया कि जनपद में 400 चक मार्ग खुले हैं। उन्होंने बताया कि पुराने तालाबों को कब्जामुक्त कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि तालाबों का जीर्णोद्धार करते हुए अमृत सरोवर बनाएं जा रहें है। जिलाधिकारी ने बताया कि अमृत सरोवर निर्माण हेतु मनरेगा से मजदूरी देने की भी आवश्यकता नहीं पड़ रही है, बल्कि तालाब खुदान कार्य से राजस्व की भी प्राप्ति हो रही है। बैठक में प्रशिक्षु आईएएस अनामिका, उप जिलाधिकारी प्रत्यूष सिंह, बन्दोबस्त अधिकारी सुभाष चन्द्र गुप्ता सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।



# जिलाध्यक्ष बनने पर श्रीकांत राठौर का जोरदार स्वागत

किच्छा( उद संवाददाता)। ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष मनोनीत होने पर श्रीकान्त राठौर का नई बस्ती स्थित गोल लाईट पर भाजपा पदाधिकारियों सहित स्थानीय लोगों ने फूलमालाओं से लादकर स्वागत किया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम के बीच स्थानीय लोगों द्वारा श्रीकान्त को लड्डूओं से तौला गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए राठौर ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों द्वारा जो सम्मान उन्हे दिया गया वह उसके ऋणी है। उन्होंने स्थानीय लोगों से पार्टी की सदस्यता ग्रहण करते हुए पार्टी के हाथों को मजबूत बनाने का आव्हान किया। इससे पूर्व केन्द्र सरकार द्वारा बजट पेश किए जाने पर नरेंद्र मोदी एवं निर्मला सीतारमण का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम के दौरान रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा ने अपने सम्बोधन के दौरान सरकार द्वारा पेश किये गये बजट सहित अनेक मुद्दो पर चर्चा करते हुए कांग्रेस पार्टी को आढ़े हाथो लिया अरोरा का कहना था कि कांग्रेस अपनी खामियों को छुपाने के लिए जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रही है जो कांग्रेस के चरित्र की व्याख्या करती है। इस मौके पर भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राकेश गिरी, प्रदेश महामंत्री ओबीसी मोर्चा नेत्रपाल मौर्य, प्रदेश उपाध्यक्ष उपेंद्र चौधरी, प्रदेश मंत्री ओबीसी मोर्चा, कमलेश, प्रदेश उपाध्यक्ष कंचन कश्यप, सुभाा तनेजा, शैली फुटेला, राजीव सक्सेना, प्रहलाद खुराना, लता सिंह थे।



# कभी तहसीलदार छुट्टी पर तो कभी पटवारी छुट्टी पर ,लोग लगा रहे चक्कर

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। तहसील हल्द्वानी में तहसील दिवस का आयोजन होना था बड़ी संख्या में लोग अपनी अपनी समस्याओं को लेकर तहसील कार्यालय में पहुंचे। अपनी अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे लोगो ने जब देखा कि तहसील दिवस में ना तो उपजिलाधिकारी है और नहीं तहसीलदार है और नहीं तहसील सम्बन्धी अधिकारी है। तब लोगो का गुस्सा फूटा और उन्होंने पूर्व सभासद शकील अहमद सलमानी के नेतृत्व में तहसीलदार कार्यालय में धरना शुरू कर दिया। समस्याओं को लेकर पहुंचे लोगो ने जम कर नारे बाजी की। उनका कहना था कि सरकार का उद्देश्य है कि गरीब जनता की सुनवाई एक छत के नीचे हो उसके लिए तहसील दिवस आयोजित किया जाता है।लोगो ने आरोप लगाया कि कभी तहसीलदार छुट्टी पर तो कभी पटवारी छुट्टी पर।लोग सरकारी कार्यालय में चक्कर लगा लगा कर थक चुके है पर अधिकारी अपने कार्यालय में नहीं मिलते। आज भी बहुत से लोग अपनी विधवा, वृद्धावस्था, विकलांग पेंशन के फार्म लेकर आय थे। अधिकारी नहीं आना चाहते तो वह अपना प्रतिनिधि तो भेज सकते थे। पूर्व सभासद शकील अहमद सलमानी ने कहा कि अधिकारी अपने कार्यालय में नहीं बैठते। जब इनके कार्यालय में जाओ तो पता चलता है कि साहब छुट्टी पर है या मीटिंग में है। उन्हीने कहा सरकार ने तहसील दिवस का आयोजन इसलिए करने का आदेश दिया है कि महीने में एक दिन तो सभी अधिकारी मिले। रोषित लोगो ने सरकार एवं अधिकारियों के विरुद्ध नारेबाजी की तब तहसील में नाजिर ने लोगो की शिकायते ली। पूर्व सभासद शकील अहमद सलमानी ने इन्द्रानगर बड़ी सड़क का निर्माण करने, इन्द्रानगर वार्ड नं 32 की खराब पड़ी नगर निगम की लाईट ठीक करने, राष्ट्रीय खाद सुरक्षा और बीपीएल कर्ड धारकों को मिट्टी तेल और चीनी दिलवाने कि मांग रखी। इस मौके पर मदन गोपाल, वसीम खा,आशिफ सलमानी, मसरूर , शब्बीर अल्वी, अजहर मालिक,मो. अकील, साहिल सलमानी, श्रीमती सुधंद, देवकी देवी, शोभा देवी , सुधा , राखी रुखसार, यासमीन, रिहाना , सुगरा, शाहजहां, फिरदौस , नूर जहा , अंजू सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।



# बनभूलपुरा के लोगों के लिये पुर्ननिवास की व्यवस्था होनी चाहिये : अब्दुल मतीन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।सुप्रीम कोर्ट में रेलवे अतिक्रमण मामले में सुनवाई के बाद इस मामले में मुख्य पिटिश्नर समाजवादी पार्टी उत्तराखण्ड प्रदेश प्रभारी हाजी अब्दुल मतीन सिद्दीकी ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि आज हम लोगों को बड़ी उम्मीद थी कि राज्य सरकार और रेलवे अपना जवाब दाखिल करेगी ।लेकिन दोनों ही ने पहले एप्लिकेशन के माध्यम से सुप्रीम कोर्ट से चार सप्ताह का समय माँगा फिर कोर्ट में ही जबानी 8 सप्ताह का समय माँग लिया। जिसे स्वीकार करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने 2 मई तक का समय दिया है। सपा नेता सिद्दीकी ने कहा कि रेलवे ना तो सिविल कोर्ट में नहीं हाईकोर्ट में और ना अभी तक सुप्रीम कोर्ट अपने दस्तावेज , नक्शे, गजट् नॉटिफिकेशन, अपना प्लान कुछ भी दाखिल नहीं कर पायी है। जिससे साफ जाहिर होता है रेलवे की अभी तक जितनी कार्यवाही थी चाहे उसमें सीमांकन का मामला हो या कोई अन्य प्लान सब हवा हवाई था। उन्होंने कहा ऐसे किसी के भी घर तोड़ने से क्या फायदा होगा। उन्होंने कहा राज्य सरकार , केन्द्र सरकार व रेलवे को आगे बड़ कर लोगों की मदद करनी चाहिए। यदि रेलवे कुछ विकास करना चाहता है तो उसे जितनी भूमि की आवश्यकता है पहले राज्य एव केन्द्र सरकार से उतने क्षेत्र के लोगों की पुर्ननिवास की व्यवस्था होनी चाहिये। उसके बाद ही उन्हें वहाँ से हटाया जाना चाहिये। आखघ्रि वह लोग भी इंसान हैंऔर इसी देश के नागरिक हैं।



ANANT GRAPHICS
Anant Graphics
All Kinds of Printing Solution...
Price | Time | Quality
We Deals In
Pamphlets | Business Cards | Posters Stickers | Letterheads | ID Cards | Perfect Binding | Catalogues
Cold Lamination | Brochures | Die-Cutting | Thermal Lamination | Labels | Eco Vinyl Printing
More information call us
98377 77818
Add:- Uttaranchal Darpan Campus, Shyam Talkies Road, 26 Kalyani View, Rudrapur
E-mail : anantgraphics.rdr@gmail.com